चैत्र मास शुक्ल पक्ष, 22 वर्ष, अंक 274, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | शनिवार 04 नवंबर 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## महिला आरक्षण लागू करने की मांग पर सुप्रीम कोर्ट में 22 नवंबर को सुनवाई

**नई दिल्ली**

**सुप्रीम कोर्ट** ने लोकसभा और विधानसभाओं में 33 फीसदी महिला आरक्षण लोकसभा के 2024 के चुनाव से पहले लागू करने की मांग करने वाली याचिका पर सुनवाई टाल दी है। जस्टिस संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली बेंच ने याचिकाकर्ता को निर्देश दिया कि वो याचिका की प्रति संबंधित पक्षों को उपलब्ध कराएं। मामले की अगली सुनवाई 22 नवंबर को होगी। याचिका मध्य प्रदेश कांग्रेस नेता जया ठाकुर ने दायर की है। याचिका में 2024 लोकसभा चुनाव से पहले आरक्षण लागू करने के आदेश देने की मांग की गई है। याचिका में कहा गया है कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 को परिसीमन के बाद लागू करने के प्रावधान को हटाया जाए और इस कानून को 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले लागू कर अपनी सच्ची भावना में लागू किया जाना चाहिए। हाल ही में संसद ने महिला आरक्षण को लेकर कानून पारित किया। इस कानून में परिसीमन के बाद महिला आरक्षण लागू करने का प्रावधान किया गया है। परिसीमन के बाद आरक्षण लागू होने पर ये 2024 के बाद लागू होगा। जया ठाकुर ने इसी प्रावधान को चुनौती दी है।

## श्रीराम जन्मभूमि परिसर में स्थित सीताकूप व शिव मंदिर का होगा जीर्णोद्धार

**अयोध्या**

श्रीराम मंदिर के निर्माण के साथ ही राम जन्मभूमि परिसर में स्थित पौराणिक सीताकूप और कुबेर टीले पर स्थित शिव मंदिर का जीर्णोद्धार किया जायेगा। यह जानकारी श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महामंत्री चंपत राय ने शुक्रवार को दी। ट्रस्ट की ओर से जारी पत्रक में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर का पूरा विवरण दिया गया है। राम मंदिर के दक्षिणी भाग में पौराणिक सीताकूप है। वहीं दक्षिण पश्चिम भाग में कुबेर टीला स्थित है। कुबेर टीले पर इस समय जीर्णोद्धार कार्य चल रहा है। वहां पर खुदाई में भी प्राचीन मूर्तियां मिली हैं।

# दिल्ली बनी गैस चैंबर, सांसों पर आफत

### दिल्ली में पांचवीं तक सभी स्कूल दो दिन बंद, दिल्ली में ग्रैप-3 के प्रावधान लागू, जो भी गतिविधियां प्रतिबंधित हैं उन्हें कड़ाई से लागू किया जाएगा

**नई दिल्ली**

**दिल्ली** सरकार में पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बढ़ते प्रदूषण को रोकने के प्रयासों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि दिल्ली में ग्रैप-3 के प्रावधान लागू हैं। इसके तहत जो भी गतिविधियां प्रतिबंधित हैं उन्हें कड़ाई से लागू किया जाएगा। उन्होंने बढ़ते प्रदूषण के लिए पड़ोसी राज्यों को भी जिम्मेदार ठहराया। वहीं देश की राजधानी में हवा की गति कम होने के साथ ही वायु प्रदूषण बढ़ गया है। जिसको देखते हुए दिल्ली सरकार ने दो दिनों तक स्कूलों को बंद करने का आदेश जारी कर दिया है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने ट्वीट कर जानकारी दी है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने एक्स पर पोस्ट साझा कर बताया कि दिल्ली में प्रदूषण का स्तर बढ़ गया है। जिसे देखते हुए दिल्ली में सभी सरकारी और प्राइवेट स्कूल अगले दो दिनों तक बंद रहेंगे। गुरुवार को एक बार फिर एनसीआर में दिल्ली की हवा गंभीर श्रेणी में दर्ज की गई। सफर इंडिया के अनुसार गुरुवार सुबह दिल्ली में समग्र वायु गुणवत्ता सूचकांक 346 दर्ज किया गया, जो 'बहुत खराब' श्रेणी में है। वहीं, नोएडा में दोपहर 12 बजे समग्र वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 695 पर जा पहुंचा। कई लोगों ने आंखों में जलन तक की शिकायत की।



### 20 फीसदी बढ़ी इन्हेलर की बिक्री

**सुबह** आठ बजे ही चार ऐसे मरीज इमरजेंसी में आए जिन्हें भर्ती करना पड़ा, इनमें से तीन का ऑक्सीजन स्तर 70 से 80 के बीच था। मौसम बदलाव होने पर लोगों की प्रतिरोधक क्षमता प्रभावित हो रही थी, लेकिन इस बार मरीजों का ऑक्सीजन स्तर में तेजी से गिरावट आ रही है।

एमएमजी अस्पताल के फिजिशियन डॉ. आलोक रंजन ने बताया कि उनकी ओपीडी में 412 मरीज आए थे। इनमें से हर दूसरा मरीज गले में खराश और आंख में जलन की परेशानी बता रहा था। उन्होंने बताया कि उन मरीजों को अधिक परेशानी हो रही है जो पहले से ही किसी रोग से ग्रसित हैं या एक सप्ताह पहले बुखार या सर्दी-जुकाम से बीमार हुए थे।

## प्रदूषण के लिए दिल्ली सरकार जिम्मेदार: दिल्ली हाईकोर्ट

**नई दिल्ली**

देश की राजधानी दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण को लेकर अब हाईकोर्ट ने सरकार को फटकार लगाई है। दिल्ली हाईकोर्ट ने ड्यूटी में लापरवाही का आरोप लगाया है। कहा कि प्रदूषण के लिए दिल्ली सरकार जिम्मेदार है। होईकोर्ट ने कहा कि क्या आप चाहते हैं कि लोग गैस चेंबर में रहें।

**पांच सालों में सबसे प्रदूषित शहर दिल्ली:** दिल्ली-एनसीआर में धुंध छायी हुई है। रेस्पाइरर की रिपोर्ट के मुताबिक दिल्ली बीते पांच सालों में सबसे प्रदूषित शहर रहा है।




केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के राष्ट्रीय वायु गुणवत्ता सूचकांक के अनुसार, शुक्रवार सुबह आठ बजे तक दिल्ली के मुंडका इलाके का औसत एक्यूआई 500, आईटीओ में 451, नजफगढ़ में 472, आईजीआई एयरपोर्ट में 500, नरेला में 500 दर्ज किया गया।

**दिल्ली में ग्रैप का तीसरा चरण लागू:** वहीं नोएडा के सेक्टर-125 में एक्यूआई 400 पर 'बहुत खराब' श्रेणी में पहुंच गया है। सेक्टर-62 में 483, सेक्टर-1 में 413 और सेक्टर-116 में 415 पर 'गंभीर' श्रेणी में एक्यूआई रहा।

**दिल्ली में ग्रैप का तीसरा चरण लागू होने की आशंका:** दिल्ली में गुरुवार को वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 346 दर्ज किया गया। यह इस सीजन का सर्वाधिक एक्यूआई है और यह लगातार छठा दिन रहा जब वायु गुणवत्ता बेहद खराब श्रेणी में बनी रही। जैसे-जैसे हवा गंभीर श्रेणी की ओर रुख कर रही है वैसे-वैसे ग्रैप का तीसरा चरण लागू होने की आशंका बढ़ रही है।

दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण में वृद्धि के बीच वायु गुणवत्ता पैनल ने ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रैप) के तीसरे चरण के तहत प्रतिबंधों को लागू करने का निर्देश दिया है। जिसमें गैर-जरूरी निर्माण और तोड़-फोड़ के काम पर रोक शामिल है।

## पड़ोसी राज्य से दिल्ली में आ रहा प्रदूषण: गोपाय राय



**दिल्ली** सचिवालय से केंद्रीय सचिवालय और आरके पुरम से केंद्रीय सचिवालय के लिए शटल बसें शुरू की जा रही हैं। जिन स्थानों पर निर्माण कार्यों को छूट मिली है, वहां पर धूल को रोकने के लिए सभी नियमों का सख्ती से पालन किया जाएगा। दिल्ली के अंदर गैर धूल वाले कार्यों को काम करने की अनुमति रहेगी।

गोपाल राय ने कहा कि बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए स्कूलों को फिलहाल बंद रखने का निर्णय लिया गया है। इसको लेकर सोमवार को अगला निर्णय लिया जाएगा। प्रदूषण पर रोकथाम के लिए पड़ोसी राज्यों को भी सक्रिय होना पड़ेगा। दिल्ली में 69 प्रतिशत प्रदूषण दूसरे राज्यों से ही दिल्ली में आ रहा है। हरियाणा और उत्तर प्रदेश के अंदर अब सख्त कदम उठाए जाने चाहिए। एनसीआर में डीजल की बसें आज भी चल रही हैं। ईंट भट्ठे चल रहे हैं, केंद्रीय पर्यावरण मंत्री कब सक्रिय होंगे?

**दिल्ली में ग्रैप का तीसरा चरण लागू:** वहीं नोएडा के सेक्टर-125 में एक्यूआई 400 पर 'बहुत खराब' श्रेणी में पहुंच गया है। सेक्टर-62 में 483, सेक्टर-1 में 413 और सेक्टर-116 में 415 पर 'गंभीर' श्रेणी में एक्यूआई रहा। दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण में वृद्धि के बीच वायु गुणवत्ता पैनल ने गुरुवार को ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रैप) के तीसरे चरण के तहत प्रतिबंधों को लागू करने का निर्देश दिया है।

## कांग्रेस की हालत राजस्थान में पाकिस्तानी क्रिकेट टीम जैसी: राजनाथ सिंह

**उदयपुर**

भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं रक्षामंत्री राजनाथ सिंह शुक्रवार को चुनावी दौरे पर राजस्थान के राजसमंद पहुंचे। वे यहां नाथद्वारा से भाजपा प्रत्याशी कुंवर विश्वराज सिंह तथा राजसमंद प्रत्याशी दीप्ति माहेश्वरी की नामांकन रैली में शामिल हुए। उन्होंने इस दौरान प्रभु श्रीनाथजी के दर्शन भी किए।

राजसमंद की चुनावी सभा में राजनाथ सिंह ने कहा कि भारतीय नेताओं की कथनी और करनी में अंतर होने से जनता का उन पर विश्वास धीरे-धीरे खत्म होता चला गया। विश्वास का यह संकट कांग्रेस ने गहरा किया है। इस खत्म



होते विश्वास को चुनौती के तौर पर प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा ने लिया है।

उन्होंने कांग्रेस की तुलना वर्ल्ड कप में पाकिस्तानी टीम से भी की और कहा कि ये चुनाव भी वर्ल्ड क्रिकेट कप से कम नहीं है। कांग्रेस की हालत भी राजस्थान में पाकिस्तानी टीम जैसी हो गई है। चुनाव शुरू होते ही कांग्रेस टूनार्मेंट से बाहर होती दिख रही है। भाजपा भारतीय टीम चैम्पियन की तरह आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने चुनाव के दौरान जो वादे किए थे, वे कितने पूरे हुए, ये सभी जानते हैं।

## वर्ल्ड फूड फेस्टिवल का पीएम मोदी ने किया उद्घाटन, स्वाद-तकनीक का फ्यूजन नए भविष्य को जन्म देगा

**नई दिल्ली**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को प्रगति मैदान में मेगा फूड इवेंट 'वर्ल्ड फूड इंडिया 2023' के दूसरे संस्करण का उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री कहा, पिछले नौ वर्षों में प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ के निर्यात में 150 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। आज हमारा कृषि-निर्यात विश्व स्तर पर 7वें स्थान पर पहुंच गया है। खाद्य क्षेत्र में ऐसा कोई क्षेत्र नहीं है, जिसमें भारत ने प्रगति न की हो। यह विकास तीव्र लग सकता है, लेकिन यह निरंतर और समर्पित प्रयासों का परिणाम है। हमारी



सरकार के कार्यकाल के दौरान, भारत ने पहली बार कृषि क्षेत्र में निर्यात नीति लागू किया है। हमने पूरे भारत में लॉजिस्टिक्स और बुनियादी ढांचे का एक नेटवर्क स्थापित किया है। पीएम ने आगे कहा कि स्वाद और तकनीक का ये फ्यूजन एक नए भविष्य को जन्म देगा, एक नई इकोनॉमी को गति प्रदान करेगा। आज की बदलती हुई दुनिया में 21वीं सदी की सबसे प्रमुख चुनौतियों में से एक फूड सिक्योरिटी भी है। इसलिए 'वर्ल्ड फूड इंडिया का ये आयोजन और भी अहम हो गया है। साथ ही कहा कि भारत में प्रसंस्कृत खाद्य उद्योग को उभरते क्षेत्र के रूप में देखा जाता है। पिछले नौ वर्षों में इस क्षेत्र ने एफडीआई में 50,000 करोड़ रुपए को आकर्षित किया है। यह भारत सरकार की उद्योग समर्थक और किसान समर्थक नीतियों का परिणाम है।

## कुपवाड़ा: दस बार घुसपैठ की कोशिश, एलओसी पर सुरक्षाबलों ने आठ महीनों में 22 आतंकी ढेर किए



**कुपवाड़ा**

उत्तरी कश्मीर के जिला कुपवाड़ा में नियंत्रण रेखा के पार से इस साल आठ महीनों में घुसपैठ की कम से कम दस कोशिशों में कुल 28 आतंकवादी मारे गए हैं। हाल ही में केरन सेक्टर के जुमागुंड इलाके में नियंत्रण रेखा पर घुसपैठ करने वाले एक आतंकवादी को मार गिराया गया। जम्मू-कश्मीर में घुसपैठ की कुल दस बड़ी कोशिशें नाकाम कर दी गईं, जिनमें से ज्यादातर अकेले कुपवाड़ा जिले में हुईं। 28 अक्तूबर को माच्छिल सेक्टर में भारी हथियारों से लैस और उच्च प्रशिक्षित पांच घुसपैठिए मारे गए। एक अक्तूबर को माच्छिल सेक्टर में एलओसी पर दो आतंकी मारे गए। 30 सितंबर को माच्छिल सेक्टर में एलओसी पर दो घुसपैठिए मारे गए। 6 अगस्त को करनाह सेक्टर के अमरोही में घुसपैठ करने वाला एक आतंकी मारा गया। 19 जुलाई को माच्छिल सेक्टर में घुसपैठ की कोशिश में दो आतंकवादी मारे गए थे। 23 जून को माच्छिल सेक्टर के काला जंगल इलाके में चार आतंकवादी मारे गए।

16 जून को घुसपैठ की एक बड़ी कोशिश को नाकाम कर दिया गया, जिसमें केरन सेक्टर के जुमगुंड इलाके में नियंत्रण रेखा पर एक संयुक्त अभियान में पांच घुसपैठिए मारे गए। 24 जून को माच्छिल सेक्टर में एलओसी पर कुल चार आतंकी मारे गए। चार मई को माछिल सेक्टर के पिचनाद इलाके में एलओसी पर कुल दो आतंकवादी मारे गए। कुपवाड़ा स्थित 28 इन्फैंट्री डिवीजन के जीओसी गिरीश कालिया ने कहा कि सुरक्षा बलों के अथक प्रयासों से सुरक्षा स्थिति में सुधार हुआ है। घाटी में विकास और पर्यटन के लिए मार्ग प्रशस्त हुआ है।

## एल्विश यादव समेत छह पर केस: सांपों की तस्करी और रेव पार्टी का आरोप, यूट्यूबर ने दी सफाई

**नोएडा**

नोएडा सहित एनसीआर के अन्य शहरों में रेव पार्टी करने और उसमें विदेशी युवतियों को बुलाने के मामले में फेमस यूट्यूबर और बिग बॉस विजेता एल्विश यादव समेत छह नामजद और कुछ अज्ञात के खिलाफ सेक्टर-49 थाने में केस दर्ज किया गया है। सभी के खिलाफ वन्य जीव संरक्षण अधिनियम के तहत केस दर्ज हुआ है।

भाजपा नेता मेनका गांधी द्वारा संचालित पीएफए ऑर्गेनाईजेशन में एनिमल ऑफिसर गौरव गुप्ता ने सेक्टर-49 थाने में दी शिकायत में बताया कि उन्हें सूचना मिली कि एल्विश यादव नाम का यूट्यूबर स्नेक वेनम व जिंदा सांपों के साथ नोएडा सहित समूचे एनसीआर के फार्म हाउस में अपने गिरोह के अन्य सदस्यों के साथ वीडियो शूट कराता है और गैर कानूनी रूप से रेव पार्टियों को अंजाम दिया देता है। जिसमें बाकायदा विदेशी युवतियों को बुलाकर स्नेक वैनम व नशीले पदार्थों का लोग सेवन करते हैं। इसके बाद यूट्यूबर से मुखबिर ने संपर्क किया और उससे नोएडा में रेव पार्टी करने व सांपों और कोबरा वैनम का प्रबंध करने को कहा। इसके बाद यूट्यूबर ने अपने एजेंट राहुल का नंबर दिया और एल्विश का नाम लेकर बात करने के लिए कहा। एजेंट से बात करने के बाद रेव पार्टी सहित हर मांग पूरी करने का आश्वासन दिया गया। एजेंट ने बताए गए स्थान पर सांप और साथी सहित आने की बात कही। टीम के साथियों ने उसे सेक्टर-51 स्थित सेवरोन बैंक्विट हॉल बुलाया।

## जिनके नाम में ही कमल उनसे क्या उम्मीद करें: अखिलेश

**छतरपुर**

मध्यप्रदेश के चुनावों में कांग्रेस-भाजपा के अलावा अन्य दल भी ताकत झोंकने में लगे हैं। एक दिन पहले अरविंद केजरीवाल, भगवंत मान पहुंचे थे, तो आज यानी शुक्रवार को छतरपुर जिले में सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने हुंकार भरी। अखिलेश ने छतरपुर जिले की चंदला विधानसभा से समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी पुष्पेंद्र अहिरवार के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस और भाजपा पर निशाना साधा।

अखिलेश ने कहा कि चुनाव शुरू होने के बाद ये हमारी पहली जनसभा है और जनसभा में देख रहा हूं मैदान में बड़ी संख्या में लोग दिखाई दे रहे हैं। ये उत्तर प्रदेश के बॉर्डर की बिल्कुल बगल की विधानसभा है।

## चेहरा देख योजनाओं का लाभ देती थीं पूर्व की सरकारें: सीएम योगी

### मुख्यमंत्री ने किया 271 करोड़ रुपये की लागत वाली 140 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास

**गोरखपुर**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि 2014 के पूर्व की सरकारें जाति, मत, मजहब और चेहरा देखकर योजनाओं का लाभ देती थीं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार में विकास की योजनाओं का लाभ हर गरीब, वंचित, दलित, महिला, नौजवान, अन्नदाता किसान को बिना भेदभाव के पूरी तत्परता से मिल रहा है। इन योजनाओं के लाभार्थियों में अनुसूचित जाति और जनजाति के लोगों की बड़ी भागीदारी है। सीएम योगी शुक्रवार



को 271 करोड़ रुपये की लागत वाली 140 विकास परियोजनाओं के लोकार्पण व शिलान्यास समारोह व भाजपा के क्षेत्रीय अनुसूचित वर्ग महासम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। चंपा देवी पार्क में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि आज देश, प्रदेश में व्यापक परिवर्तन आया है। हर व्यक्ति मत, पंथ, जाति, मजहब से ऊपर उठकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार और कृतज्ञता ज्ञापित करने के लिए पूरी तत्परता के साथ खड़ा है। यह अवसर बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने का भी है। अभी 26 नवंबर की तिथि आएगी। इसी दिन बाबा साहब ने भारत के संविधान को लिखने का कार्य पूरा किया था। और, इस तिथि को प्रधानमंत्री ने संविधान दिवस के रूप में मनाना प्रारंभ किया। बाबा साहब के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करना हर भारतीय का दायित्व है। योगी ने कहा कि डॉ अंबेडकर के प्रति भावों को व्यक्त करने के लिए, उनके व्यक्तित्व और कृतित्व को दुनिया के सामने लाने का सशक्त माध्यम प्रदान करने का काम पीएम मोदी ने ही किया। पीएम मोदी बाबा साहब से जुड़े पावन स्थलों को आने वाली पीढ़ी की प्रेरणा के लिए तीर्थ के रूप में स्थापित कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने अपने सम्बोधन में 15 नवंबर को जनजाति दिवस मनाने की भी बात कही।

**गरीबों, वंचितों को योजनाओं का लाभ बाबा साहब के प्रति कृतज्ञता ज्ञापन**

अनुसूचित वर्ग के क्षेत्रीय महासम्मेलन में मुख्यमंत्री ने कहा कि डबल इंजन की तरफ से गरीबों, वंचितों को योजनाओं का लाभ बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के प्रति कृतज्ञता ज्ञापन के रूप में हैं। उन्होंने पीएम आवास समेत कई योजनाओं की उपलब्धियों का विस्तार से उल्लेख किया। बताया कि उत्तर प्रदेश में करीब साढ़े तीन करोड़ गरीबों को शौचालय मिले हैं जबकि देश के अंदर 10 करोड़ गरीबों को इस योजना का लाभ मिला है।

## बारा विधायक डॉ. वाचस्पति ने जनता दर्शन के माध्यम से सुनी क्षेत्र की समस्या

बोले मेरी पहली प्राथमिकता गांव-गली के सम्पर्क मार्ग इंटर लॉकिंग कराकर जनता को लाभान्वित करना, जनता के सुविधाएं हेतू 81 मार्ग, 36 ब्लास्टिंग कूप, 4 नलकूप बनवाकर जनता को समर्पित कर दिया हूं

अखंड भारत संदेश



**जसरा।** विधायक बारा डॉ.वाचस्पति दो माह की लम्बी बीमारी के बाद कुछ स्वस्थ होते ही बारा क्षेत्र की जनता की समस्याओं को सुनने और निदान हेतु शुक्रवार को गौहनियां के एमवी कान्वेंट स्कूल में जनता दर्शन के कार्यक्रम में उपस्थित रहें। जनता की समस्याओं को सुना और अधिकारियों को समस्या निदान को निर्देशित किया। जनता दर्शन के दौरान पत्रकारों से मुखातिब होते हुए विधायक बारा डॉ.वाचस्पति ने बताया कि जनता-जनार्दन के विभिन्न समस्याओं के निदान हेतु मैंने 81 रोड़ का निर्माण कराकर जनता की सेवा में समर्पित कर दिया है। जिसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा तीन करोड़ के धनराशि से 7 त्वरित रोड़, 14 पूवार्चंल निधि व 60 रोड़ विधायक निधि द्वारा बनाई जा चुकीं हैं। किसानों की सिंचाई हेतू 36 ब्लास्टिंग कूप, 4 नलकूप व विधुत ट्रासंफार्मर की क्षमता वृद्धि जसरा, शंकरगढ़, कौंधियारा विकासखण्ड में उपलब्ध करा दी गई है। मैं निरंतर जनता के सुविधाएं हेतू मुख्य सचिव व उच्चाधिकारियों से जनता के सुविधाएं हेतू वातार्लाप व पत्राचार करता रहता हूं। डॉ.वाचस्पति ने आगें बताया कि मेरी पहली प्राथमिकता है गांव-गली के सम्पर्क मार्ग इंटरलॉकिंग कराकर त्वरित जनता को लाभान्वित किया जाय। यह विकास कार्य निरंतर आगे भी जारी रहेगा। जनता दर्शन के दौरान भाजपा जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुर्वेदी, मंडल अध्यक्ष जसरा जगत नारायण शुक्ल, नीरज केसरवानी, श्यामू निषाद, फूल चंद पटेल, संजीव पांडेय, मिथिलेश पांडेय, सूर्य प्रकाश त्रिपाठी,मोनू यादव, कुलदीप पाठक, आशीष सोनकर, दीप चंद गुप्ता,जय प्रकाश त्रिपाठी, इंद्रजीत पटेल, अनुराग पांडेय, राहुल पाल, संदीप पटेल, राजकुमार पटेल, मुन्ना पाल, द्विजेश पांडे, अनिल सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहकर अपने क्षेत्र की समस्याओं को रख विधायक के पूर्णरूपेण स्वस्थ होने की कामना ईश्वर से किया।

## महीनों से जला गांव का टांसफार्मर, उपभोक्ता अंधेरे में रहने पर मजबूर



**लालापुर।** क्षेत्र के गिधार गांव में लगा दस केवी का टांसफार्मर महीनों जला हुआ है, जो आज तक नहीं बदला जा सका। उपभोक्ताओं ने बताया कि एक दो लोगों को छोड़ सभी लोग बिजली कनेक्शन लिए हैं, फिर भी महीनों से अंधेरे में रहने को मजबूर हैं। बिजली विभाग के सरकारी टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर पर उपभोक्ताओं द्वारा शिकायत की गई लेकिन उसका कोई असर नहीं होता दिख रहा है। ग्रामीणों में इस बात का आक्रोश है कि सरकार ने बिजली उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए बिजली विभाग का हेल्पलाइन नंबर जारी किया है लेकिन उस पर कोई सुनवाई नहीं हो रही है। ग्रामीणों ने समाचार पत्र के माध्यम से बिजली विभाग के उच्च अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए दीपावली त्यौहार से पहले जले हुए टांसफार्मर को बदलने की मांग किया है।

## एम एल पब्लिक स्कूल में तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ समापन

अखंड भारत संदेश

खेलकूद में बच्चों ने उत्साह पूर्वक प्रतिभाग किया, क्रिकेट और वॉलीबॉल फाइनल मैच 14 नवंबर को खेला जाएगा




**सिरसा।** मेजा क्षेत्र में एमएल पब्लिक स्कूल बगहा, चौकी सिरसा में तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का समापन हो गया। खेलकूद में क्रिकेट और वॉलीबॉल फाइनल मैच 14 नवंबर को खेला जाएगा। बाकी खो - खो, कबड्डी ,दौड़ का फाइनल हो गया। खेलकूद में बच्चों ने उत्साह पूर्वक प्रतिभाग किया। आयोजित प्रतियोगिता के स्पून रेस में सौम्या ने प्रथम स्थान , फ्राग रेस में आदित्य यादव ने प्रथम स्थान, 50 मीटर की दौड़ में स्वस्तिक ने प्रथम स्थान , 100 मीटर की दौड़ में संध्या ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार कबड्डी में डायमंड टीम ने और खो - खो में कोहिनूर टीम ने जीत हासिल किया खेलकूद के आयोजन में गौरव पांडे और मदन कुमार शिक्षक का बहुत ही सराहनीय योगदान रहा। खेलकूद में अच्छा प्रदर्शन करने वाले बच्चो को स्कूल के प्रबंधक दुर्गा प्रसाद गुप्ता के द्वारा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित भी किया गया स्कूल के प्रबंधक ने बच्चो को संबोधित करते हुए कहा की खेल से मानसिक और शारीरिक दोनो विकास होता है। प्रधानाचार्य सतीश उपाध्याय ने कहा की समय - समय पर बच्चो को पढ़ाई के साथ साथ खेलकूद में भी रुचि लेना चाहिए। इस दौरान विद्यालय के शिक्षक अविनाश कनौजिया , विपिन शुक्ला, विजेंद्र राय, रवि केशरी, कुलदीप शर्मा, कमलेश शर्मा, दिव्यांशु गुप्ता, गौरव पांडे, रिशु शर्मा, विजय कुमार जैसल,सविता शुक्ला, पूजा त्रिपाठी, रीना यादव, इति सिंह, मीनाक्षी यादव, नवदीप यादव, अभिरंजन गुप्ता, मनोज कुमार, विपुल यादव आदि लोग उपस्थित रहे।



## सजा दो घर को गुलशन सा अवध में राम आए हैं

**जंघई।** कुंभकरण वध, अहिरावण वध, रावण वध एवं श्रीराम के राज्याभिषेक के साथ आदर्श रामलीला कमेटी भण्डा गांव की रामलीला का समापन दिव्य एवं भव्य आरती के साथ संपन्न हुआ। इसके पूर्व भगवान श्रीराम और भरत का मिलाप होता है और श्री राम गुरु वाशिष्ठ और तीनों माताओं से मिलते हैं। तब गुरु वशिष्ठ उन्हें राजतिलक के लिये कहते हैं और अयोध्या में प्रभु श्रीराम का राजतिलक होता है इसी के साथ रामलीला के मंचन का दो दिवसीय मेले के साथ समापन होता है ।प्रभु श्रीराम के राज्याभिषेक की झांकी लीला प्रेमियों के हृदय में उतर गई राजा रामचंद्र की जयकार व हर हर महादेव के उद्घोष से चहुंदिशाएं गूंज उठीं ।इस अवसर पर अध्यक्ष परमेंद्र बहादुर सिंह, उपाध्यक्ष हुबराज यादव, रामकुमार सिंह, व्यास संचालक पन्ना लाल शर्मा, चंद्र बहादुर सिंह, मुन्ना सिंह, आलोक सिंह पूर्व प्रधान, सहज प्रताप सिंह, गौरव राजपूत, हरिकेश सिंह, आकाश सिंह, लकी सिंह, बंटी सिंह, जितेंद्र सिंह, पवन सिंह, अवनीश सिंह, चंदन सिंह, ज्ञानेंद्र सिंह, कुंदन सिंह, सचिन सिंह, आदर्श सिंह, वीरभद्र सिंह, किशन सिंह, प्रतीक सिंह, नीरज सिंह, मनीष सिंह, गोरेलाल शर्मा, पप्पू गौड़, अमित, विक्की, गब्बर, शिवम, हर्ष, अंश, गोविंद सहित सैकड़ों रामलीला दर्शक मौजूद रहे।

## श्रीमद्भागवत कथा जीवन के उद्देश्य एवं दिशा को दशार्ती है : राघवेंद्राचार्य

अखंड भारत संदेश



**जंघई।** राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक श्रीनाथ पांडेय के निवास पर आयोजित साप्ताहिक संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ शुक्रवार को कलश यात्रा के साथ हुई।प्राचीन बूढ़े नाथ शिव मंदिर पांडेयपुर, भानीपुर से भव्य कलश यात्रा गाजे बाजे डीजे के साथ निकाली गई जो कि पूरे गांव की परिक्रमा करते हुए कथा स्थल पर पहुंची।यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं श्रद्धालु पीत वस्त्र पहन कर व सिर पर कलश धारण कर शामिल हुई इससे पूर्व कथा स्थल पर हवन पूजन किया गया। कथा का शुभारंभ कलश स्थापना, वेदी पूजन, पारायण पाठ, भागवत महात्म्य से करते हुए कथावाचक राघवेंद्राचार्य महाराज श्रीधाम वृंदावन ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा ऐसी कथा है, जो जीवन के उद्देश्य एवं दिशा को दशार्ती है। इसलिए जहां भी भागवत कथा होती है, इसे सुनने मात्र से वहां का संपूर्ण क्षेत्र दुष्ट प्रवृत्तियों से खत्म होकर सकारात्मक उर्जा से सशक्त हो जाता है।उन्होंने कहा कि कथा की सार्थकता तभी सिद्ध होती है, जब इसे हम अपने जीवन और व्यवहार में धारण करें।श्रीमद्भागवत कथा के श्रावण से जन्म जन्मांतर के विकार नष्ट होकर प्राणी मात्र का लौकिक व आध्यात्मिक विकास होता है।इस अवसर पर मुख्य यजमान मुन्नी कैलाशनाथ पांडेय, कृष्णकुमारी श्रीनाथ पांडेय, गायत्री स्व. प्रेमशंकर पांडेय, कविता सौरभ पांडेय प्रधान भानीपुर, विजय कांत पांडेय, रमाकांत पांडेय, आलोकचंद्र पांडेय, चंद्रकांत पांडेय, कृष्णकांत पांडेय, श्रेयश, तेजस, सार्थक, आरव, दक्ष, कृपाशंकर मिश्रा, लालता प्रसाद पांडेय प्रबंधक, ओमप्रकाश पांडेय, त्रिभुवन नाथ मिश्रा, सुरेश पांडेय, शिवदेव पांडेय, विश्वनाथ विश्वकर्मा, धनराज विश्वकर्मा, राम प्रकाश पांडेय, राजेंद्र प्रसाद पांडेय, जयप्रकाश पांडेय, अखिलेश पांडेय, सौरभ सिंह, भूपत शर्मा, विमलेश द्विवेदी, जयनाथ पांडेय, रमेश पांडेय, मनीष पांडेय, आदर्श पांडेय आयुष पांडेय, राकेश पांडेय सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## राम कथा पर आधारित दुर्लभ चित्र प्रदर्शनी स्थगित

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद के आदेशानुसार इलाहाबाद विश्व विद्यालय प्रशासन द्वारा विज्ञान परिषद प्रयाग को सील कर दिए जाने के कारण सम्राट हर्षवर्धन शोध संस्थान, प्रयागराज तथा रामरती पटेल पी.जी. कॉलेज, प्रयागराज के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित भारतीय कला और साहित्य में श्री राम एवं रामकथा का वैश्विक संस्कृति करण पर प्रभाव विषयक अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी के अवसर पर राजकीय पाण्डुलिपि पुस्तकालय, संस्कृति विभाग उ.प्र. प्रयागराज द्वारा दिनांक चार एवं पाँच नवंबर 2023 को आयोजित किए जाने वाली दुर्लभ चित्र प्रदर्शनी को नवीन तिथि निर्धारित होने तक स्थगित किया जाता है।

## मऊआइमा के अलावलपुर में सास बहू सम्मेलन का हुआ आयोजन

**मऊआइमा।** मऊआइमा विकास खण्ड के अलावलपुर गांव स्थित आगनवाड़ी में स्वास्थ विभाग द्वारा सास बहू सम्मेलन का आयोजन ग्राम प्रधान संजू देवी द्वारा किया गया। एएनएम संजू देवी ने बताया कि सरकार के विभिन्न योजनाओं के माध्यम से महिलाओं को हर क्षेत्र में आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करते हुए जागरूक किया जा रहा है । जिस में कार्यक्रम के माध्यम से साफ सफाई ,इज्जत घर, गर्भवती महिलाओं को आर्थिक अनुदान, देख रेख, बच्चों को भोजन, निशुल्क शिक्षा समेत अन्य तरीके से जागरूक करते हुए सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया गया। इस मौके पर सी एच ओ मंजू देवी , आशा संगिनी, आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों समेत स्थानीय लोग मौजूद रहे।

## मांडा बरौंधा जंगली मार्ग बेहद खराब, राहगीर परेशान

अखंड भारत संदेश




**मांडा।** यमुनापार क्षेत्र के मांडा , हाटा,बरौंधा जंगली मार्ग गड्ढायुक्त होने से राहगीरों को काफी परेशानी झेलनी पड़ रही है । रास्ता जंगली होने के कारण सांझ ढलते ही इस रास्ते से जाने में लोग डरते हैं। क्षेत्र के समाजसेवी ने बताया कि मांडा खास से बरौंधा दूरी 17 किमी मार्ग में लगभग 14 किमी जंगली रास्ता है । वही जनपद व दो प्रदेश एमपी- यूपी को जोड़ता है।प्रदेश सरकार द्वारा राजमार्गों एवं आम मार्गों को गड्ढामुक्त करने का हर बार का आदेश मांडा , हाटा,बरौंधा मार्ग पर बेअसर रहा । जिससे मांडा क्षेत्र की मुख्य सड़के अपनी दयानिकता पर आंसू बहाते हुए गढ्ढे में तब्दील हो गई है।लग्न बारात का समय होने के कारण लोगों को इस रास्ते से सांझ ढलने के बाद गुजरने में लोगों को भय लगता है । रास्ता जंगली और बेहद खराब होने के कारण दिन में भी वाहनों की गति काफी कम रखनी पड़ती है। हाटा, मेंहा, दसवार, दोहथा, परसीधी, पूरा पांडेय, धनावल आदि तमाम गांवों के लोगों का प्रमुख बाजार मांडा खास और भारतगंज कस्बा होने के कारण लोगों को खरीदारी हेतु अक्सर इसी मार्ग से आना- जाना पड़ता है। इसी तरह मांडा रोड स्टेशन व गंगा घाट की मुख्य सड़क, मांडा भरारी बाई पास, सिकरा कोसड़ा कला की मुख्य सड़के पूर्ण रूप से गढ्ढे में तब्दील हो गया है उसी सड़क से राहगिरो के साथ स्कूली बच्चे गिर कर चुटहिल होते रहते हैं।तमाम ग्राम प्रधानों और सामाजिक संगठनों ने विभागीय अधिकारियों, जिला प्रशासन व प्रदेश सरकार से इस मार्ग को अविलंब गड्ढामुक्त कराने की मांग की है।



## मांडा के 65 विद्यालय में एजुकेशनल सर्वे परीक्षा सम्पन्न

**मांडा।** विकास खण्ड मांडा मुख्यालय अन्तर्गत 65 विद्यालयों में एजुकेशनल एचीवमेंट सर्वे परीक्षा संपन्न हुई। इस परीक्षा में छात्रों से ज्यादातर प्रश्न रिजनिंग और गणित से संबंधित पूछे गये। नियुक्त एफआई के देखरेख में परीक्षा संपन्न हुई। मांडा के कुल 65 प्राथमिक, उच्च प्राथमिक व इंटर कॉलेज में इस परीक्षा को संपन्न कराया। उक्त परीक्षा संपन्न कराने के लिए डायट द्वारा फिल्ड इंवेस्टगेटर नियुक्त किये गये थे। परीक्षा में कक्षा तीन, छह और नौ के छात्रों से रिजनिंग, गणित और भाषा सम्बंधी प्रश्न पूछे गये थे। परीक्षा के बाद सभी विद्यालयों की उत्तर पुस्तिकाओं को बीआरसी मांडा पहुंचाया गया। बीआरसी से सभी प्रश्नोत्तरी डायट परीक्षण हेतु भेजी जाएगी। बीईओ मांडा राजीव प्रताप सिंह अपनी टीम के साथ विभिन्न परीक्षा केंद्रा एवं विद्यालयो का निरीक्षण करते रहे। उक्त परीक्षा को लेकर स्थानीय शिक्षकों और छात्रों में काफी उत्साह रहा।

## महोत्सव मंच पर वाद विवाद प्रतियोगिता में अव्वल रहे प्रियांशू

अखंड भारत संदेश



**करछना।** रामपुर स्थित बृज मंगल सिंह इंटर कालेज में चल रहे 25वें जमुनापार महोत्सव के चौथे दिन पहले सत्र में हमारी संस्कृति और सनातन क्या देश को पीछे ले जा रहे हैं नामक विषय पर वाद विवाद प्रतियोगिता आयोजित की गई।उक्त प्रतियोगिता में 29 बच्चों ने प्रतिभाग किया।जिसमें पक्ष में छेदी लाल इंटर कालेज जसरा के प्रियांशू शुक्ला प्रथम रहे,वहीं विपक्ष में बृज मंगल सिंह इंटर कालेज रामपुर की छात्रा अनम अंसारी और ज्ञान भारती नैनी के सक्षम और साक्षी संयुक्त रूप से प्रथम रहे।दूसरा स्थान ईश्वरदीन के प्रभात द्विवेदी और तीसरा स्थान सर्वोदय सदन शिक्षा सदन इंटर कालेज भीरपुर के हर्षित कुमार को मिला।निर्णायक के रूप में डा.बीरेंद्र कुमार कुसुमाकर,मालती शर्मा और लखन प्रतापगढी मौजूद रहे।प्रतिभागी बच्चों को प्रधानाचार्य राम प्रताप इंटर कालेज सिरसा शिव प्रकाश पाठक ने सम्मानित किया।उधर रामकथा के दौरान व्यासपीठ पर विराजमान स्वामी विनोदानंद महराज ने भगवान की कृपा प्राप्ति हेतु संत और सत्संग को सहज माध्यम बताते हुए संतो की महिमा का बखान किया।बिनु हरि कृपा मिलहिं नही संता की मार्मिक ०?ाख्या करते हुए श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया। महोत्सव के संयोजक डॉ.भगवत पांडेय ने वाद विवाद के मेधावी बच्चों की प्रशंसा करते हुए कहा कि जमुनापार के विद्यालयों में अपार प्रतिभाएं मौजूद हैं। गुरूओं को चाहिए कि इन्हे संजोये। प्रधानाचार्य मनीष तिवारी ने सभी के प्रति स्वागत आभार प्रकट किया। संचालन डा.राजेंद्र शुक्ल ने किया। इस दौरान हरिकृष्ण शुक्ल, निवेदिता पांडेय, लक्ष्मीकांत मिश्रा, वंदना सोनी, त्रिवेणी प्रसाद पांडेय, संतोष मिश्रा, शोभनाथ द्विवेदी, अजय सिंह, चंदन शुक्ला, सजीव शुक्ला, मोहिनी श्रीवास्तव, जितेंद्र कुमार, परवेज सिद्धिकी, सोहन प्रजापति, विश्वेश ओझा, विशाल चौबे, समेत बडी संख्या में श्रोता मौजूद रहे।

## नैनी क्षेत्र के सरगम के दशहरा को लेकर एसपीओ की बैठक संपन्न



**नैनी।** नैनी के सरगम पर शनिवार को रामदल निकाला जाएगा और अहंकारी रावण का वध किया जाएगा जिसे लेकर तैयारी पूरी हो गई है वही मेले में शांति सुरक्षा व्यवस्था एवं यातायात व्यवस्था को मद्देनजर रखते हुए नैनी स्थित एसपीओ कार्यालय में एक विशेष बैठक आयोजित की गई जिसमें कई महत्वपूर्ण बिंदु पर आवश्यक दिशा निर्देश जारी किया गया। टीम के वरिष्ठ सदस्यों को उनके जिम्मेदारियों से अवगत कराया गया। बैठक में प्रभारी अभय राज सिंह उप प्रभारी परवेज अहमद जनसंपर्क अधिकारी शेख लियाकत अली ने एसपीओ टीम की सराहना करते हुए उन्हें धन्यवाद देकर उनका आभार व्यक्त किया तथा आगे भी इसी तरह निरंतर निस्वार्थ भाव से सेवा देने के लिए सभी सदस्यों को निर्देशित किया। इस दौरान एसपीओ प्रभारी अभय राज सिंह उप प्रभारी परवेज अहमद जनसंपर्क अधिकारी शेख लियाकत अली संगठन सचिव रविंद्र सिंह थाना कमेटी प्रभारी रवि मिश्रा मीडिया प्रभारी वीरेंद्र पटेल संदीप विश्वकर्मा रामजी जायसवाल समीर खान संजीव वर्मा पंकज मलिक इकरामुल्लाह दिनेश केसरवानी प्रदीप कुमार आदि सदस्यगण मौजूद रहे।

## कुम्हारों का पैतृक रोजगार से चल रहा समृद्धि का चाक

अखंड भारत संदेश



**जारी।** कौंधियारा क्षेत्र से लेकर कस्बे तक मिट्टी का दीपक व खिलौना बनाने में जुटे कुम्हार बच्चों के लिए बनाया जा रहा है गुल्लक । विकासखंड जसरा जारी स्थित शांति नगर सेमरी में कुम्हारों द्वारा दीप पर्व पर दियाली जोरों पर बनाया जा रहा है। दीपोत्सव को लेकर कुम्हार द्वारा परम्परागत मिट्टी के दीपक बनाने के लिए चाक घुमने का कार्य जोर-शोर से किया जा रहा है । दीपावली का पर्व जैसे-जैसे नजदीक आ रहा है। कुम्हारों की चाक उतनी ही तेजी से घुमने लगी है। इन कुम्हारों का कहना है कि इस बार दिवाली जहां हम पहले दस हजार बनाते थे तो वही आज हम रात और दिन मेहनत करके लाखों दियाली बना रहे हैं। जियालाल प्रजापति ने बताया कि इस पुश्तैनी धंधे में मिट्टी की दिक्कत आ रही है। कुम्हारों के लिए जगह-छोड़ी गई थी लेकिन अब वहां मिट्टी नहीं रह गई है। तालाबों की खुदाई से मिट्टी की समस्या हो रही है। अब मिट्टी के बर्तन बनाने में दिक्कत होने के कारण अब मिट्टी के बर्तन बनाने में परेशानी हो रही है फिर भी मेहनत से उनकी किस्मत बदलने लगी है। शांति नगर सेमरी के कुम्हारों ने बताया कि दीपावली का पर्व आने से पहले कुम्हारों ने मिट्टी के बर्तन और दीपक बनाने की तैयारियां शुरू कर दी हैं। इस बार दीपावली पर कुम्हारों में कारोबार बढ़ने की आस जगी है। अंदाजा लगाया जा रहा है कि चीन से चल रहे तनाव के बाद इस बार लोग चाइनीज वस्तुओं के बहिष्कार से दीपावली पर कुम्हारों द्वारा तैयार होने वाले मिट्टी के सामान ज्यादा बिकने की उम्मीद है। इसलिए कुम्हार अपनी किस्मत आजमाने के लिए दीपावली आने से पहले तैयारी में जुट गए हैं। जिसमें कुम्हार जिया लाल प्रजापति, राजेंद्र प्रजापति, सियाराम, नंदलाल, रामचंद यह कुंभकार दीप पर्व पर मिट्टी की दियाली बनाने में जुटे हुए हैं।

## भाजपाइयों ने वोटर चेतना महा अभियान को लेकर की बैठक, दी जानकारी

**मेजा।** क्षेत्र के मेजारोड पांती गांव में शुक्रवार को वोटर चेतना महा अभियान को लेकर भाजपाइयों ने विधानसभा संयोजक पंडित नित्यानंद उपाध्याय के नेतृत्व में मानस वाटिका में आवश्यक बैठक आहूत किया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में पंडित जयशंकर पांडे पूर्व जिला उपाध्यक्ष व जिला संयोजक संजीव जायसवाल मौजूद रहे। बैठक में विधानसभा के सभी मंडल के संयोजक,सह संयोजक व आईटी सेल तथा विधानसभा प्रभारी पंडित सुधाकर शुक्ल मौजूद रहे। बैठक में 4 व 5 नवंबर को होने वाली वोटर चेतना महाअभियान को लेकर रणनीति बनाई गई। मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद रहे पूर्व जिला उपाध्यक्ष पंडित जयशंकर पांडे ने कहा कि जो 18 वर्ष की आयु को पूर्ण कर चुके युवाओं, विवाह होने के बाद परिवर्तित निवास स्थान, बूथ से अन्यंत्र निवास करने वाले तथा बूथ पर नए आए मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में जोड़ने या नाम कटने का कार्य तथा दिवंगत मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से कटवाने का कार्य वोटर चेतना महाभियान के माध्यम से करना है।इस अवसर पर पंडित नित्यानंद उपाध्याय ने बताया कि 4 व 5 नवंबर को हर मतदान स्थल पर बीएलओ से वोटर लिस्ट देखकर लिस्ट में अपना नाम देख स्वयं जागरूक हो और सभी को वोटर चेतना महा अभियान के तहत जागरूक करें, क्योंकि जब हमारा वोट होगा तभी तो हम अपने मत का प्रयोग कर सकेंगे।

## पत्रकार के भाई का निधन

**हनुमानगंज।** हिदुस्तान संवाददाता राजेन्द्र सिंह के छोटे भाई धीरेन्द्र प्रताप सिंह 44 का बीमारी के दौरान गुरुवार रात 8 बजे निधन हो गया है। जिनका अंतिम संस्कार शुक्रवार सुबह झूंसी के छतनाग घाट पर किया गया। धीरेंद्र प्रताप सिंह का काफी दिनों से स्वरूप रानी अस्पताल में इलाज चल रहा था। वो ठीक हो कर घर आ गए थे। गुरुवार की शाम अचानक फिर उनकी तबीयत खराब हो गई और उन्हें तत्काल एसआरएन अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टर ने उन्हें अमृत घोषित कर दिया। उनके निधन से पत्रकरो व समाजसेवियों ने शोक व्यक्त किया। धीरेंद्र अपने पीछे पिता विजय बहादुर सिंह, भाई राजेन्द्र सिंह, वीरेंद्र, योगेंद्र, पत्नी आशा देवी, बेटे अमन, अमित को बिलखता छोड़ गए।

# कच्ची दीवार गिरने से दबकर महिला की हुई मौत

## दो लोग गंभीर , पक्के मकान के निर्माण के लिए टीन शेड हटाते समय हादसा

अखंड भारत संदेश





**प्रयागराज।** प्रयागराज के खीरी थाना क्षेत्र में पक्के मकान निर्माण के लिए टीनशेड हटाते समय दीवार गिरने से दबकर एक महिला की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जबकि दो लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए हैं। जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं पुलिस ने महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है । खीरी थाना क्षेत्र के बहरैचा गांव निवासी रानी देवी (53) पत्नी शिव अपने परिवार के साथ कच्चे मकान में गुजर बसर करती थीं। उन्हें पीएम आवास योजना का लाभ मिला। पीएम आवास की पहली किस्त उनके खाते के आई तो पक्के मकान के निर्माण के लिए कच्चे मकान पर रखे टीनशेड को शुक्रवार शाम हटा रही थीं। इसी दौरान कच्चे मकान की दीवार भरभराकर उनके ऊपर गिर गई। दीवार के नीचे दबकर उनकी मौत हो गई। जबकि साथ रहे बेटे अखिलेश विश्वकर्मा व बेटी राखी गम्भीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद जुटी भीड़ ने किसी तरह मृतका को दीवार से बाहर निकाला और दोनों घायलों को एम्बुलेंस से नजदीकी अस्पताल में उपचार के लिए दाखिल कराया है। मामले में खीरी थानाध्यक्ष विनोद सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। तहरीर के आधार पर कार्रवाई होगी।



# भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा पहुंचे प्रयागराज नेताओं से मुलाकात के बाद मध्य प्रदेश रवाना

**प्रयागराज।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का भाजपाइयों ने प्रयागराज एयरपोर्ट पर अंगवस्त्र पहनाकर एवं पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। नड्डा ने महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा से पार्टी के कार्यों की जानकारी ली। उपस्थित कार्यकताओं से कहा कि आगामी लोकसभा का चुनाव भाजपा और कार्यकताओं के लिए चुनौती पूर्ण है। देश के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कुशल नेतृत्व महत्वपूर्ण है, इसलिए सभी कार्यकर्ता लोकसभा के चुनाव को लेकर पूरी जिम्मेदारी के साथ जुट जाएं और और पार्टी के द्वारा चलाए जा रहे वोटर महा चेतना अभियान के द्वारा ज्यादा से ज्यादा नए मतदाता बनाएं। इस अवसर पर उन्होंने महापौर गणेश केसरवानी से नगर निगम के द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली। स्वागत करने वालों में सांसद केशरी देवी पटेल, महापौर गणेश केसरवानी, महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अवधेश चंद्र गुप्ता, एमएलसी सुरेंद्र चौधरी, विधायक पीयूष रंजन निषाद, वरुण केसरवानी, राजेश केसरवानी, नवीन शुक्ला, संजय गुप्ता, अंशुल सिंह परिहार, राम जी शुक्ला, अमित गुप्ता ,विवेक जायसवाल आदि रहे । मध्य प्रदेश के रीवा में आयोजित अपनी चुनावी सभा को संबोधित करने के लिए जाते समय जेपी नड्डा शुक्रवार को सुबह करीब 11 बजे प्रयागराज एयरपोर्ट पहुंचे। वह यहां पर दिल्ली से आए थे। यहां से वह रीवा के लिए रवाना हुए। रीवा में आज नड्डा की कई जनसभा हैं। साथ ही वह आधा दर्जन स्थानों पर रोड शो भी करेंगे। प्रयागराज पहुंचने पर एयरपोर्ट पर सांसद केशरी देवी, महापौर गणेश केसरवानी, एमएलसी सुरेंद्र चौधरी, भाजपा महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्र ने उनका स्वागत किया। नड्डा ने भाजपा नेताओं से कहा कि अब समय काफी कम बचा है। लोकसभा चुनाव की तैयारियों में पूरी ताकत के साथ जुट जाएं। नरेंद्र मोदी को लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना है।चर्चा के दौरान उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव में पांचों राज्यों में भाजपा की सरकार बनने जा रही है। इसके लिए जनता ने पूरा मन बना लिया है। जेपी नड्डा ने गणेश केसरवानी को मेयर बनने पर बधाई दी। गणेश के मेयर बनने के बाद वह नड्डा पहली बार प्रयागराज आए हैं।

# नगर निगम ने झूंसी में एंटी लार्वा का कराया छिड़काव



**झूंसी।** महापौर गणेश केसरवानी के फटकार के बाद झूंसी के विस्तारित क्षेत्रो में नगर निगम द्वारा शुक्रवार को वृहद पैमाने पर साफ सफाई व छिड़काव कराया गया। शहर में पहले डेंगू, चिकन गुनिया व वायरस बुखार की रोकथाम में नगर निगम की लापरवाही सामने आने के बाद गुरुवार को बैठक में महापौर ने अधिकारियो को फटकार लगाई थी। जिसके बाद जोन 8 झूंसी विस्तारित क्षेत्र कनिहार सरस्वती पुरम, वार्ड-45, छतनाग में यमुना सेक्टर, हवेलिया आरके पुरम, वास्तु नगर, आजाद नगर, सावित्री नगर, लपेटुआ गांव, हरिजन बस्ती, सरायशंकर, मलावां बुजुर्ग, ईशीपुर में वृहद सफाई अभियान, झाडियों एवं नालियों की सफाई व चूना, ब्लीचिंग का छिड़काव कराया गया। जोनल अधिकारी अखिलेश त्रिपाठी ने बताया कि एण्टीलार्वा व शाम को फॉगिंग करायी गई।

# मण्डलायुक्त की अध्यक्षता में हुई उद्यमी एसोसिएशन की जागरूकता के लिए निवेश मित्र कार्यशाला का आयोजन

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** मण्डलायुक्त विजय विश्वास पंत की अध्यक्षता में शुक्रवार को गॉधी सभागार में इन्वेस्ट यूपी टीम, लखनऊ के तत्वाधान में मण्डल स्तर पर निवेश मित्र- सिंगल विंडो पोर्टल और व्यापार करने में आसानी सुधारों पर संभाग स्तरीय क्षमता निर्माण कार्यशाला विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें प्रयागराज मण्डल अधीनस्थ जनपदों के उद्यमी/एसोसिएशन/उपायुक्त उद्योग/उद्यमी मित्र एवं अन्य जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।मण्डलायुक्त विजय विश्वास पंत ने कार्यशाला में उपस्थित उद्यमियों/अधिकारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि यह कार्यशाला आप सभी उद्यमियों के लिए बहुत ही उपयोगी है। उन्होंने इंवेस्ट यूपी टीम के द्वारा किए जा रहे प्रयास की सराहना करते हुए उपस्थित लोगो से कहा कि निवेश मित्र पोर्टल में बहुत सारी नई चीजें जोड़ी गयी है, इसलिए आप सभी लोग इसके संचालन व आवेदन की प्रक्रिया की जानकारी अच्छे ढंग से प्राप्त कर लें, क्योंकि आने वाले समय में उद्योग स्थापना के लिए लाइसेंस प्राप्त करने हेतु आवश्यक एनओसी व इससे सम्बंधित अन्य कार्य निवेश मित्र पोर्टल के माध्यम से ही संचालित होंगे। मण्डलायुक्त ने सुझाव दिया कि निवेश मित्र पोर्टल को हिन्दी में भी बनाया जाए, जिससे कुटीर उद्योग के उद्यमियों को भी आवेदन करने में कोई कठिनाई न हो। उन्होंने कहा कि भाषा किसी कार्य में बाधा नही बननी चाहिए।यूपी इन्वेस्ट लखनऊ के कोआर्डिनेटर श्री शिव कुमार पाठक ने वर्तमान समय में निवेश मित्र पोर्टल की भूमिका एवं महत्व पर प्रकाश डाला, तदुपरान्त यूपी इन्वेस्ट लखनऊ के निवेश मित्र पोर्टल के वरिष्ठ एक्सपर्ट श्री विनय मौर्या ने निवेश पोर्टल के बारे में उपस्थित अधिकारियों/उद्यमियों को समझाते हुए उद्यमियों एवं अधिकारियों द्वारा निवेश मित्र पोर्टल के संचालन में आ रही समस्याओं से सम्बंधित पूछे गये प्रश्नों के सम्बन्ध में समाधान भी बताया। यूपी इन्वेस्ट, लखनऊ के श्री देवेश त्रिपाठी ने एमएसएमई नीति-2022 के बारे में समझाया। आयोजित कार्यशाला में कार्यशाला के फीडबैक के लिए एक फार्म का भी वितरण किया गया, जिसे उद्यमियों/ अधिकारियों द्वारा भरकर निवेश मित्र अधिकारी के पास जमा कर दिया गया। अन्त में लालजीत सिंह, संयुक्त आयुक्त उद्योग, प्रयागराज मण्डल, प्रयागराज ने कार्यशाला में उपस्थित समस्त अधिकारियों/ उद्यमियों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कार्यशाला का समापन करने की घोषणा की।


# भड़काऊ बयान के मामले में मुख्तार अंसारी के बेटे उमर अंसारी को 30 नवंबर तक मिली अंतरिम राहत

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने विधानसभा चुनाव के दौरान भड़काऊ भाषण के मामले में माफिया मुख्तार अंसारी के बेटे उमर अंसारी को राहत देते हुए अग्रिम जमानत अर्जी स्वीकार करते हुए 30 नवंबर तक अंतरिम राहत दी है। मामले की अगली सुनवाई 30 नवंबर को होगी। विधानसभा चुनाव के दौरान अब्बास अंसारी ने भड़काऊ बयान दिया था। इस मामले में मऊ कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया गया था। मुकदमे में अब्बास के भाई उमर अंसारी को भी आरोपी बनाया गया है। उमर अंसारी में अग्रिम जमानत के लिए हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। इस पर सुनवाई करते हुए शुक्रवार को कोर्ट ने उमर अंसारी की याचिका मंजूर कर ली। उमर अंसारी को 30 नवंबर तक अंतरिम राहत प्रदान की है।

## थाने के निकट मिली महिला की लाश

**झूंसी।** थाने के निकट शुक्रवार की दोपहर एक महिला की सड़ी गली लाश मिली मौके पर पहुंची पुलिस ने युवती का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। देर शाम तक युवती के शव की शिनाख्त नहीं हो पाई थी। स्थानीय लोगों की माने तो सुबह से ही दुर्गंध उठ रही थी खोज करने पर झाड़ियां में एक युवती की लाश नजर आई। युवती लोअर और टी-शर्ट पहने हुए हैं जिसकी उम्र 45 वर्ष के करीब है। पुलिस का कहना है कि युवती विछिप्त थी और यहां अक्सर भटकती रहती थी।

# लंका विजय के लिए राम ने की शंभू स्थापना

अखंड भारत संदेश

**नैनी।** नैनी जनसेवा समिति रामलीला के नवें दिन श्री हनुमंत रामलीला मंडल, प्रयागराज के कलाकारों द्वारा सेतु संयोजन, रामेश्वरम स्थापना एवं अंगद-रावण संवाद की लीला का मंचन किया गया` नल, नील एवं वानर सेना की सहायता से राम समुद्र पार करने के लिए सेतु संयोजन करते हैं` सेतु की पूर्णता पर राम रामेश्वरम शिवलिंग की स्थापना कर भगवान शंकर से लंका विजय का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं` ऐसी मान्यता है कि भगवान रामेश्वरम को गंगाजल चढ़ाने से मनुष्य को सायुज्य मुक्ति प्राप्त होती है` युद्ध टालने के अंतिम प्रयास के रूप में अंगद को दूत बनाकर रावण के पास भेजा जाता है` समस्त प्रयास विफल होने पर युद्ध अवश्यंभावी हो जाता है` राम अपनी सेवा पर अपनी कृपा दृष्टि डालते हैं` राम की कृपा दृष्टि के प्रभाव से सभी सैनिकों में भरपूर जोश, उत्साह एवं शक्ति का संचार हो जाता है` सभी योद्धा अपने को लंका पति रावण को हराने में समर्थ अनुभव करते हैं` राम अपनी सेना को लंका की ओर कूच करने का आदेश देते हैं` कार्यक्रम में प्रमुख रूप से विनय सिंह, हरिशंकर सिंह, आरएलडी दुबे, आर के शुक्ला, पवन यादव, अनिल चौधरी, उदय सिंह, रामजी मिश्रा, संतोष सिंह, हरी बाबू सिंह, पंकज सिंह, सत्येंद्र सिंह, नीरज मिश्रा, शशि सिंह, अनुग्रह जायसवाल, विशाल श्रीवास्तव, नीलू केसरवानी आदि ने सहयोग किया।



## नई झूंसी में निकला विशालकाय अजगर

**झूंसी।** नई झूंसी गंगा तट भोला मंदिर के पास शुक्रवार की रात एक विशालकाय अजगर निकलने से हड़कंप मच गया मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना पर झूंसी चौकी के दरोगा अभय व दिवान संजय सिंह मौके पर पहुच अजगर के निकलने की जानकारी वन विभाग को दी। अजगर भीड़ देख भाग रहा था पास में खड़ी मोटर साइकिल पर चढ़ गया। वन कर्मियों के आने में देरी होने के कारण नई झूंसी के राजा व रवि टोनू ने साहस का परिचय देते हुए अजगर को किसी तरह पकड़ा और एक बोरे में भर दिया। जिसके बाद पहुंची वन विभाग की टीम को सौंप दिया। मौके पर जुटे लोगों का कहना था कि अभी तक इतना बड़ा अजगर नहीं देखा था। अजगर की लंबाई 10 फिट वजन 60 किलो से अधिक का बताया गया।

# एसीपी मेजा के नेतृत्व में जिला अपराध निरोधक कमेटी के पदाधिकारियों ने यातायात जागरूकता रैली निकाली

अखंड भारत संदेश

## शान्ति एव सुरक्षा के मद्दे नजर उत्कृष्ट कार्य के लिए एसओ मेजा हुए सम्मानित



**मेजा।** एसीपी मेजा की अगुवाई में जिला अपराध निरोधक कमेटी मेजा मे यातायात जागरूकता रैली निकाल कर आम जनमानस को जागरूक किया यातायात जागरूकता रैली का शुभारंभ एसीपी मेजा विमल किशोर मिश्र ने हरी झंडी दिखाकर किया तत्पश्चात तहसील मेजा के सभागार में विशिष्ट आतिथ्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमे पूरे एक वर्ष के कार्यकल मे पुलिस और प्रशासन के अधिकारियो द्वारा शान्ति एव सुरक्षा के मद्दे नजर क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वय सेवको तथा थाना प्रभारी मेजा राजेश उपाध्याय को पी प्रशस्त प्रमाण पत्र देकर एसीपी विमल किशोर मिश्र ने सम्मानित किया। इस अवसर पर यातायात प्रभारी संतोष कुमार सिंह ने उपस्थित लोगो को यातायात के नियमो को विस्तार से बताते हुए कहा कि दो पहिया एव चार पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट एव सीट बेल्ट का इस्तेमाल अवश्य करें।

# झुंसी पुलिस व एसओजी ने तीन वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

**झूंसी।** पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट प्रयागराज के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस उपायुक्त नगर व सहायक पुलिस आयुक्त झूसी के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष उपेन्द्र प्रताप सिंह के निर्देशन में उ0नि0 अमित कुमार यादव मय पुलिस टीम व एस0ओ0जी0 नगर प्रभारी उ0नि० आशीष कुमार चौबे मय टीम के मुखबिर की सूचना पर आज दिनांक बी0डी0 यादव इण्टर कालेज मोड के पास झूसी आबकारी अधि0 से सम्बन्धित वांछित अभि0गण विक्की उर्फ शिवकुमार जायसवाल पुत्र मानिकचन्द्र जायसवाल निवासी दमगढा थाना उतरांव जनपद प्रयागराज, सन्तलाल यादव पुत्र विजय बहादुर यादव उर्फ कल्लू यादव निवासी बगहा थाना हण्डिया जनपद प्रयागराज, राहुल यादव पुत्र रामशिरोमणि यादव निवासी कटहरा थाना हण्डिया जनपद प्रयागराज को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गई गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम- उ.नि. अमित कुमार यादव, थाना झुंसी, उ.नि. अजीत यादव हे.का. पारस सिंह यादव, का. अनिल कुमार थाना एओजी प्रभारी नगर उ.नि. आशीष कुमार चौबे, हे.का. राकेश कुमार दूबे, हे.का. अखिलेश राय, हे.का. मनोज सिंह, का. पीयूष बाजपेयी, धर्मेन्द्र सिंह, शुभम पटेल, विनोद यादव, चालक मनोज सिंह, एसओजी रही।

# मेजा ऊर्जा निगम ने सतर्कता जागरूकता सप्ताह के तहत नुक्कड़ नाटक का किया आयोजन

अखंड भारत संदेश

## भ्रष्टाचार हमारे समाज के लिए एक अभिशाप है : सुनील कुमार



**मेजा।** समाज से कुरीतियों को खत्म करने के लिए किसी बड़े औधे पर होना जरूरी नहीं है। भ्रष्टाचार समाज में एक बड़ा अभिशाप है जिसे हमें जड़ से समाप्त करने का प्रयास करना है इसके लिए जागरूकता गतिविधियों का आयोजन समय - समय पर होते रहना चाहिए ताकि आम नागरिक अपने अधिकारों को जान सके और समय रहते शी दिशा में आवश्यक कदम उठाकर अपने आस पास होने वाले भ्रष्टाचार को रोक सके। उक्त बातें मेजा ऊर्जा निगम के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुनील कुमार ने निगम परिसर में आयोजित सतर्कता जागरूकता पर आधारित क्विज कंपटीशन निबंध लेखन एवं भाषण प्रतियोगिता कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि यदि आम नागरिक दृढ़ निश्चय कर ले तो समाज में निरंतर बढ़ रही कुरीतियों के साथ साथ अभिशाप रूपी भ्रष्टाचार को भी जड़ से खत्म किया जा सकता है। आगे उन्होंने यह भी कहा कि इसके लिए किसी बड़े ओहदे पर होना जरूरी नहीं है। उल्लेखनीय है कि इसके पूर्व बीते तीस अक्टूबर से शुरू हुए सतर्कता जागरूकता सप्ताह के तहत निगम ने अपने परिसर में कई अन्य गतिविधियों का आयोजन किया था जिसके तहत संस्था ने स्वयं के परिसर के साथ साथ आस पास के गांव में भी सतर्कता के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए कई अथक प्रयास किया। गौरतलब है कि बीते गुरुवार को पास में ही स्थित लालतारा गांव में सतर्कता जागरूकता पर आधारित नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन प्रयागराज स्थित स्वांग रंग संस्था के द्वारा सावधानी हटी दुर्घटना घटी थीम पर किया गया जिसके जरिए कलाकारों ने जन मानस को दैनिक जीवन में मोबाइल द्वारा किए जा रहे धांधली से बचने के उपाय बताए गए। कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति में यह भी बताने की कोशिश किया है कि आम जनता किस तरह से भ्रष्टाचार मुक्त समाज बनाने में योगदान कर सकती है। फिलहाल नाटक के लेखक और निर्देशक सचिन चंद्रा और उनके सहयोगी टीम के कलाकार हर्षल राज शरद कुशवाहा अंकित त्रिपाठी आर्यन नागर प्रांजल श्रीवास्तव प्रियांशु कुशवाहा तथा आरती श्रीवास्तव के द्वारा प्रस्तुत किए गए इस नाटक का जहां भरपूर आनंद उठाया वहीं मेजा ऊर्जा निगम की इस पहल की लोगों ने सराहना किया।

## सीखने की ललक एवं जिज्ञासा विज्ञान के लिए महत्वपूर्ण : प्रो. आभा त्रिपाठी




**झूंसी।** अंदावा स्थित न्यू टॉउन हाल पब्लिक स्कूल में आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी में कक्षा छठवीं से बारहवीं तक लगभग तीन सौ विद्यार्थियों ने क्रियाशील एवं अक्रियाशील मॉडल बना कर अपनी प्रतिभा का प्रर्दशन किया। बच्चो के द्वारा प्रस्तुत किये गए मॉडल ग्लोबल वॉर्मिंग, पर्यावरण प्रदूषण, जल, मिट्टी एवं वायु में दिनों-दिन बढ़ता प्रदूषण एवं इसका मानव स्वास्थ्य पर पड़ने वाला दुष्प्रभाव, जंक फूड से युवा पीढी का बिगड़ता स्वास्थ्य, धूम्र पान से जर्जर होते फेफड़े, ऊर्जा के वैकल्पिक श्रोत की लोगो ने प्रशंसा की। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि कुलभाष्कर आश्रम कृषि महाविद्यालय की प्रो. आभा त्रिपाठी, विशिष्ट अतिथि डॉ. मसूद एवं संजय श्रीवास्तव द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर करके किया गया। प्रो. आभा त्रिपाठी ने बच्चो को सम्बोधित करते हुए कहा की विज्ञान सीखने की ललक एवं जिज्ञासा ही वैज्ञानिक बनने की पहली सीढ़ी है। विद्यालय की प्रधानाचार्या शालिनी श्रीवास्तव ने पुष्प गुच्छ भेंट कर अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम के समापन पर विजयी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। विद्यालय की निदेशिका रोमिल रस्तोगी ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किया। विद्यालय के प्रबंधक रुझान रस्तोगी ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

# भगवान राम के आदर्शों पर चलने का संकल्प लें सनातनी: धीरज ओझा

## कसेरुआ में भगवान राम के आदर्शों का भव्य रूप से हो रहा है मंचन

अखंड भारत संदेश

**रानीगंज, प्रतापगढ़।** आज हम सभी सनातन धर्म के लोग मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीरामचंद्र के आदर्शों को अपनाकर अपने परिवार, गाँव और देश में मर्यादा, संस्कार सनातन धर्म की नींव को और मजबूत करें तभी हिंदू धर्म के पवित्र ग्रंथ पर अभद्र टिप्पणी करने वाले अधर्मी लोगों और हिंदू विरोधी राजनैतिक दलों और उनके नेताओं पर अंकुश लग सकेगा।

उक्त बातें रानीगंज भाजपा के पूर्व विधायक धीरज ओझा ने कसेरुआ ग्राम सभा में चल रहे रामलीला के मंचन के दौरान भगवान राम, लक्ष्मण और माता सीता के चरण छू कर आशीर्वाद लेने के उपरांत बतौर मुख्य अतिथि के रूप में कहा। आगे पूर्व विधायक ने कहा कि हम और हमारी राजनैतिक पार्टी भारतीय जनता पार्टी हमेशा से भगवान राम के मन्दिर निर्माण की बात कहते रहे जो आज अयोध्या में भव्य मन्दिर बन रही है और 22 जनवरी को करोड़ों लोग दर्शन करेंगे। जीवन पर्यन्त भगवान राम की सेवा और राम विरोधी ताकतों से लड़ता रहूँगा। रामलीला समिति के अध्यक्ष पूर्व जिला पंचायत सदस्य लल्लन सिंह परिहार ने सभी दर्शकों का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि रामलीला का मंचन 25 अक्टूबर से प्रारंभ है और 2 नवंबर को समाप्त होगा 3 नवम्बर को उसी मंचन के स्थान पर विशाल मेला लगेगा। कार्यक्रम का संचालन करते हुए समाजसेवी लव सिंह गहलौत एडवोकेट ने लोगों को बताया कि कसेरुआ का रामलीला मैदान और रामलीला मंचन का पक्का मंच रामलीला परिवार को मुहैया कराने का महत्वपूर्ण कार्य धीरज ओझा ने किया है। इस दौरान भगवान लक्ष्मण का रूप पप्पू सिंह, माता जानकी का आकाश श्रीवास्तव, निषादराज का अमृतलाल पपीहा, ब्रह्मा का अमरनाथ पटेल, अशोक कुमार श्रवण के रूप में मंचन किया। इस अवशर पर रामलीला समिति के सचिव राम किशुन पटेल, प्रबंधक फूल चंद्र चैरसिया आदि सभी पदाधिकारियों के साथ नवाब सिंह, सी बी सिंह, सी पी सरोज, बेचन सिंह, संतलाल निर्मल, डाक्टर अनिल सरोज, शिवप्रसाद मौर्य आदि क्षेत्र के गणमान्य लोग भारी संख्या में मौजूद थे।



पूर्व विधायक का स्वागत करते आयोजकगण।

### साकेत गर्ल्स पीजी कालेज में तलवारबाजी प्रतियोगिता पांच को

**प्रतापगढ़।** प्रो0 राजेन्द्र सिंह (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय के अनुपाल में पांच नवम्बर को प्रातः 10 बजे से साकेत गर्ल्स पी0जी0 कॉलेज, दहिलामऊ, प्रतापगढ़ में अन्तर्महाविद्यालयी तलवारबाजी प्रतियोगिता आयोजित की गई है जिसमें 17 वर्ष से 25 वर्ष तक के आयु वर्ग के विश्वविद्यालय से सम्बद्ध सभी महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं प्रतिभाग के लिए अर्ह होगी। प्रतिभागियों को विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित प्रपत्र पर वांछित सूचना अपने महाविद्यालय के प्राचार्य से प्रमाणित कराके लाना अनिवार्य होगा। प्रतिभागी प्रातः 9:30 तक महाविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग में अपना पंजीकरण करायेगें और तत्पश्चात प्रातः 10:00 बजे से प्रतियोगिता प्रारम्भ कर दी जायेगी।

# युवोत्सव कार्यक्रम में आज एमडीपीजी कॉलेज का रहा जलवा

## भाषण प्रतियोगिता में एमडीपीजी कालेज की साक्षी गुप्ता रही अव्वल

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** प्रो राजेंद्र सिंह (रज्जू भैया) विश्वविद्यालय प्रयागराज के युवोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत एमडीपीजी कॉलेज में आज दूसरे दिन जनपद स्तरीय 6 प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। आज अधिकांश प्रतियोगिताओं में एमडीपीजी कॉलेज ने बाजी मारी।

भाषण में एमडीपीजी कॉलेज की साक्षी गुप्ता को प्रथम, कृपालु महिला महाविद्यालय कुंडा की आसरा नसीम सिद्दीकी को द्वितीय एवं पारस शिक्षण प्रशिक्षण संस्थान पट्टी की अंशु को तृतीय स्थान मिला। वाद-विवाद प्रतियोगिता के पक्ष में बोलते हुए एमडीपीजी कॉलेज की खुशी तिवारी को प्रथम, पारस शिक्षण संस्थान की दीक्षा यादव को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ जबकि विपक्ष में बोलते हुए एमडीपीजी कॉलेज की साक्षी गुप्ता को प्रथम तथा पारस शिक्षण प्रशिक्षण संस्थान पट्टी की नेहा तिवारी को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। प्रहसन में एमडीपीजी कॉलेज की टीम विजेता रही जबकि मां कुंती देवी शिक्षण प्रशिक्षण महाविद्यालय उपविजेता बनी। मूकाभिनय में मां कुंती देवी शिक्षण प्रशिक्षण महाविद्यालय की टीम विजेता रही। अनुहरण में एमडीपीजी कॉलेज की टीम विजेता रही। प्रश्नमंच कार्यक्रम में भी एमडीपीजी कॉलेज ने बाजी मारी। प्राचार्य प्रो मनोज मिश्र के निर्देशन में कार्यक्रम का संयोजन प्रो रमेश चंद्र शुक्ल ने किया। कार्यक्रम में प्रो अरुण कुमार तिवारी, डॉ अभिषेक सिंह, डॉ सी एन पांडे, डा निशा सिंह, डॉ संतोष कुमार पांडे, डा अरुण वर्मा, डा अनीश द्विवेदी, डा पूनम पांडे आदि ने प्रतिभागियों का उत्साह वर्धन किया।



युवोत्सव कार्यक्रम में प्रतिभाग करती छात्राएं।

### न्यू एंजिल्स स्कूल में स्पोर्ट्स मीट का आयोजन नौ से

**प्रतापगढ़।** न्यू एन्जिल्स सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल में इण्टर स्कूल स्पोर्ट्स मीट का आयोजन नौ व दस नवम्बर को किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए स्कूल की चेयरपर्सन डा0 शाहिदा ने बताया कि इस स्पोर्ट्स मीट में जनपद स्तर के सी बी एस ई बोर्ड से मान्यता प्राप्त विद्यालयों की कबडडी और खो- खो की बालक एवं बालिकाओं की टीमें प्रतिभाग करेंगी। इण्टर स्कूल स्पोर्ट्स मीट 2023 का उदघाटन सरदार सिंह जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा नौ नवम्बर को प्रातः दस बजे किया जाएगा। इस अवसर पर पूर्व सह जिला विद्यालय निरीक्षक, प्रतापगढ़, विशिष्ट अतिथि के रूप में, डॉ दयाराम मौर्य मौजूद रहेंगे। स्पोर्ट्स मीट-2023 का समापन एवं पुरस्कार वितरण दस नवम्बर को सायं 4 बजे डॉ दयाराम मौर्य रत्न द्वारा किया जाएगा।

# जनपद स्तरीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता में एसबीएम की टीम रही अव्वल

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** जनपद स्तरीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता में सरस्वती विद्या मंदिर विज्ञान एवं प्रौद्यौगिकी स्नातको×ार महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने अपना परचम लहराया है। जिला स्थित एमडीपीजी कालेज में आयोजित इस सांस्कृतिक प्रतियोगिता में एकल गायन, सामूहिक गायन आदि में महाविद्यालय के छात्र छात्राएं विजेता बने।

एकल शास्त्रीय गायन प्रतियोगिता में महाविद्यालय के बीए तृतीय सेमेस्टर की छात्रा अंजली मिश्रा ने प्रथम स्थान हासिल किया है। वहीं वादन एवं सुमंगल गायन प्रतियोगिता में बीए के छात्र प्रभात तिवारी प्रथम रहे। सामूहिक लोकगायन में महाविद्यालय की छात्रा महक देवी, ममता वर्मा, अंजली मिश्रा, निधि विश्वकर्मा, मुस्कान देवी एवं शशि मौर्या ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय के छात्र छात्राओं की इस उपलब्धि पर प्राचार्य डा. अमित सिंह, निदेशक डॉ. संदीप मिश्र ने विजेताओं का मुंह मीठा कराकर खुशी साझा किया। संगीत अध्यापक दुर्गेश विश्वकर्मा को भी सम्मानित किया गया। महाविद्यालय के शिक्षक डॉ. ओपी द्विवेदी, डॉ. अम्बिकेश त्रिपाठी, डॉ. धर्मेन्द्र बहादुर सिंह, डॉ. रविकान्त कौशल, डॉ. आशुतोष शुक्ल, अनीता त्रिपाठी आदि ने भी छात्रा छात्राओं की सफलता पर खुशी जाहिर की है।

### धरने में शामिल होने को रेल कर्मी लखनऊ रवाना

**प्रतापगढ़।** पुरानी पेंशन स्कीम की बहाली को लेकर मंडल कार्यालय लखनऊ में आयोजित धरना प्रदर्शन में भाग लेने के लिए उत्तरीय रेलवे मजदूर यूनियन शाखा के अध्यक्ष मु. अफजल खान एवं शाखा मंत्री धर्मेंद्र कुमार दुबे के नेतृत्व में सहायक शाखा मंत्री श्री कांत त्रिपाठी, कोषाध्यक्ष प्रदीप कुमार शर्मा, उपाध्यक्ष राजेश कुमार सिन्हा, अजित कुमार पाल मो.यासिर,सन्तोष कुमार,शाहरुख हुडा, दयाराम, अजय देवगन, कुमार मौर्या और अनिल कुमार सहित सैकड़ों रेल कर्मचारी ट्रेन से रवाना हुए। कर्मियों ने स्टेशन पर जमकर नारेबाजी की।

# भागवत कथा सुनने मात्र से राजा परिक्षित हुए थे श्रापमुक्ति: शांतनु महराज

## कथा के दूसरे दिन श्रोताओं की जुटी भारी भीड़

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** अर्जुनपुर स्थित मंदिर परिसर में शुक्रवार शाम भागवत कथा की सरिता बही। यहां आयोजित सप्ताह व्यापी श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में हरिद्वार से पधारे संत शांतनु जी महाराज ने भागवत ग्रंथ में वर्णित कई प्रसंगों का विश्लेषण किया।

उन्होंने राजा परीक्षित के जन्म से लेकर मृत्यु तक की कथा सुनाई। कहा कि मनुष्य अपने कर्मों से मौत को नजदीक ले आते हैं। बताया कि राजा परीक्षित ने रास्ते में मिले मृत सर्प को एक ध्यानमग्न संत के गले में नहीं डाला होता, तो उन्हें सात दिनों के अंदर सर्प के डसने से मृत्यु का श्राप नहीं मिलता। स्वामीजी ने कथा को विस्तार करते हुए कहा कि राज-पाट त्याग राजा परीक्षित को वन में जब सुकदेव महाराज ने भागवत कथा सुनाई, तब उन्हें श्राप से मुक्ति मिली। उन्होंने श्रृष्टि के आरंभ एवं राजा मनु की संतानों की उत्पत्ति की कथा भी सुनाई। दक्ष प्रजापति की ओर से यज्ञ के आयोजन में अपने दामाद भगवान शंकर को आमंत्रित नहीं कर अनादर करने से देवी सती के अग्निकुंड में भस्म होने की कथा सुनाकर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। दिल्ली से आई कलाकारों की टीम द्वारा प्रस्तुत झांकियां आकर्षण का मुख्य केंद्र रही। मौके पर सैकड़ों महिला-पुरुष श्रद्धालु उपस्थित थे। कथा यजमान जगदीश बहादुर सिंह व शांती देवी, कथा के आयोजक नागेश प्रताप सिंह छोटे सरकार व पूर्व प्रमुख रमेश प्रताप सिंह, दिनेश प्रताप सिंह, उमेश सिंह, पप्पन सिंह, सुरेस सिंह, अरुण सिंह, विनोद सिंह, मुन्ना शर्मा, राममोहन सिंह, आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।



मंदिर परिसर में भागवत कथा कहते शांतनु महराज।

# सगरा सुंदरपुर व्यापार मंडल की नवगठित कार्यकारिणी ने ली शपथ

## विधायक व सीओ ने पदाधिकारियों को दी बधाई

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जिले की सगरा सुंदरपुर इकाई के पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण समारोह का कार्यक्रम उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के वरिष्ठ महामंत्री रमेश चंद्र अग्रहरि और प्रतापगढ़ जिला अध्यक्ष राजेन्द्र केसरवानी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।

इस मौके पर अमेठी व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष श्री हरिशंकर जायसवाल क्षेत्रीय विधायक जीत लाल पटेल ब्लॉक प्रमुख डॉ राकेश सिंह और लालगंज क्षेत्राधिकारी राम सूरत सोनकर राष्ट्रीय कवि वरिष्ठ पत्रकार डॉ रणजीत सिंह मौजूद रहे। मंच का संचालन संगठन के समाजसेवी संजय शुक्ला ने किया। मंचासीन सभी सम्मानित पदाधिकारियों ने अपने भाषण के दौरान व्यापारी एकता पर जोर दिया। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के वरिष्ठ महामंत्री रमेश चंद्र अग्रहरी ने सभी पदाधिकारियों को शपथ दिलवाई। प्रतापगढ़ जिला अध्यक्ष राजेंद्र केसरवानी ने व्यापारी एकता पर बल देते हुए संगठन को मजबूत करने को लेकर अपने विचार रखे। समाहरोह में सगरा सुंदरपुर बाजार मे व्यापार मंडल अध्यक्ष के रूप में प्रदीप सिंह, महामंत्री प्रदीप जायसवाल और कोषाध्यक्ष के रूप में सर्वेश कुमार जायसवाल, उपाध्यक्ष मनोज शुक्ला, याहिया खान, संतोष जायसवाल, रवि जायसवाल, संरक्षक, राम अजोर जायसवाल, कृपा शंकर जायसवाल, अब्दुल शाहिद, अशोक जायसवाल, राजकुमार सोनी, कप्तान शुक्ला, मीडिया प्रभारी संजय शुक्ला, मंत्री अजय अग्रहरि, कौशलेंद्र जयसवाल, सुरेंद्र विश्वकर्मा को, संगठन मंत्री, अरुण तिवारी, भूपेंद्रमढ़ी पटेल, राजेश वर्मा, गोविंद मोदनवाल, अंकित शुक्ला,प्रचार मंत्री प्रमोद जायसवाल समीर चंद्र सोनी, अनूप जायसवाल को बनाया गया।

इसके बाद सभी सम्मानित 25 पदाधिकारियों को शपथ दिलाया गया। इस मौके पर मौजूद क्षेत्रीय विधायक जीत लाल पटेल ने सगरा सुंदरपुर व्यापार मंडल के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को भविष्य के लिए अपनी शुभकामनाये और बधाई दिया। इस मौके पर प्रतापगढ़ व्यापार मंडल के जिला मंत्री राहुल केसरवानी नगर संगठन मंत्री सुधीर केसरवानी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल जनपद अमेठी के जिला वरिष्ठ महामंत्री साबीन श्रीवास्तव जिला संगठन मंत्री शिवम प्रजापति जिला उपाध्यक्ष संदीप कसौधन लालगंज व्यापार मंडल से अध्यक्ष शत्रुघ्न शुक्ला महामंत्री रमेश कौशल कोषाध्यक्ष दिनेश जायसवाल मंगापुर व्यापार मंडल से अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद मिश्रा महामंत्री जयकांत शुक्ला डेरवा व्यापार मंडल से अध्यक्ष शिव प्रसाद उमरवश्य महामंत्री रमेश जायसवाल उपाध्यक्ष भोलानाथ अग्रहरि आदि उपस्थित रहे।



शपथ ग्रहण समारोह में मौजूद विधायक, सीओ व जिलाध्यक्ष।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस माह नवम्बर एवं दिसम्बर का रोस्टर जारी

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** तहसीलों में आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवस माह नवम्बर एवं दिसम्बर 2023 का रोस्टर जारी कर दिया गया है। जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में दिनांक 04 नवम्बर 2023 को सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन तहसील सदर में किया जायेगा। इसके अलावा अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान का आयोजन तहसील पट्टी एवं मुख्य राजस्व अधिकारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन तहसील रानीगंज में किया जायेगा, अन्य तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन सम्बन्धित उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता आयोजित होगा। इसी प्रकार 18 नवम्बर को जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन तहसील कुण्डा, अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में तहसील लालगंज में एवं मुख्य राजस्व अधिकारी की अध्यक्षता में तहसील सदर में किया जायेगा। 02 दिसम्बर को सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन डीएम द्वारा तहसील पट्टी, अपर जिलाधिकारी द्वारा तहसील सदर व मुख्य राजस्व अधिकारी द्वारा तहसील लालगंज में, दिनांक 16 दिसम्बर को सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन डीएम द्वारा तहसील लालगंज, एडीएम द्वारा तहसील पट्टी एवं मुख्य राजस्व अधिकारी द्वारा तहसील कुण्डा में किया जायेगा। अन्य तहसीलों में सम्बन्धित उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जायेगा।

### अधिवक्ता के आकस्मिक निधन पर साथियों ने जताया शोक

**लालगंज, प्रतापगढ़।** स्थानीय तहसील परिसर में शुक्रवार को अधिवक्ताओं की हुई आमसभा में जिला मुख्यालय के संघर्षशील अधिवक्ता इन्द्राकर मिश्र के आकस्मिक निधन पर गहरा दुख जताया गया। शोकसभा को संबोधित करते हुए आल इण्डिया रूरल बार एसोशिएसन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने कहा कि इन्द्राकर मिश्र के आकस्मिक निधन से अधिवक्ताओं के न्यायार्थ संघर्ष के सतत नेतृत्व को अपूर्णनीय क्षति हुई है। बैठक की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश व संचालन महामंत्री धीरेन्द्र शुक्ल ने किया। वहीं अधिवक्ताओं ने साथी के निधन पर तहसील एवं दीवानी न्यायालय में अपने को न्यायिक कामकाज से विरत रखा। इस मौके पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेन्द्र चतुर्वेदी, उपाध्यक्ष विनोद सिंह, देवी प्रसाद मिश्र, दिनेश सिंह, राममोहन सिंह, टीपी यादव, विकास मिश्र, रमेश पाण्डेय, आशीष तिवारी, संतोष पाण्डेय, राजेन्द्र मिश्र, शिवाकांत उपाध्याय, केबी सिंह, विपिन शुक्ल, शिव नारायण शुक्ल, संदीप सिंह, अजय शुक्ल, दिनेश मिश्र, कालिका प्रसाद पाण्डेय आदि अधिवक्ता रहे।

# चयनित 1151 विद्यालयों में हुई अचीवमेंट सर्वे परीक्षा, परीक्षा में पंजीकृत रहे 33821 बच्चे

## प्रशिक्षण निदेशक प्रयागराज प्रमोद कुमार ने किया निरीक्षण

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** स्टेट एजुकेशन अचीवमेंट सर्वे के तहत होने वाली परीक्षा शुक्रवार को सकुशल संपन्न। यह परीक्षा जिले के 1151 स्कूलों में कराई गई। परीक्षा में कुल 33821 बच्चे पंजीकृत रहे। जनपद प्रतापगढ़ में नियुक्त प्रेक्षक उप शिक्षा निदेशक शिक्षा निदेशालय प्रयागराज प्रमोद कुमार, उप शिक्षा निदेशक प्राचार्य डायट अशोक कुमार सिंह, खंड शिक्षा अधिकारी सदर संतोष श्रीवास्तव, डायट प्रवक्ता जितेंद्र यादव, दुर्गेश, एसआरजी चंद्रजीत साथ में एआरपी धर्मेंद्र ओझा ने भ्रमणशील रहकर परीक्षाओं का जायजा लिया।

शिक्षा विभाग की टीम ने सर्वप्रथम प्राथमिक विद्यालय मांधाता, उच्च प्राथमिक विद्यालय मांधाता, संविलियन विद्यालय टेऊंगा, संस्कार ग्लोबल स्कूल टेऊंगा, पी बी इंटर कॉलेज प्रतापगढ़ का औचक निरीक्षण कर परीक्षा का जायजा लिया। परीक्षा नकल विहीन एवं सुचिता पूर्ण होने पर प्रेक्षक महोदय संतुष्ट नजर आए। प्रेक्षक प्रमोद कुमार कुमार ने परीक्षा नकल विहीन एवं सुचिता पूर्ण संपन्न कराने के लिए जिले के अधिकारियों की सराहना की। उप शिक्षा निदेशक अशोक कुमार सिंह ने बताया कि परीक्षा के उपरांत उत्तर पुस्तिकाओं को डायट के स्ट्रांग रूम में रखा जाएगा। तीन दिनों तक इसका मूल्यांकन होने के बाद डाटा भारत सरकार को भेजा जाएगा।



अचीवमेंट सर्वे परीक्षा देते प्राथमिक विद्यालय के बच्चे।

### आरोपित लेखपाल को विवादित गांव से नही हटाया जा रहा, आक्रोश

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** भाजपा सरकार के कार्यकाल मे अधिकारियों मे योगी सरकार की कारवाई का खौफ नही दिख रहा है तभी तो आरोपित लेखपाल को गाव से न हटाकर उसी विवादित गांव मे स्थाई कर दिया जिसका नजारा इन दिनों सुर्खियों मे डिप्टी सीएम के यहां चल रहा है। आरोपित लेखपाल का वरासत के नाम पर दो हजार रुपया लेने का सोशल मीडिया पर वीडियो भी जमकर वायरल हुआ जिस पर कुंडा राजस्व विभाग के जिम्मेदार अधिकारी पर्दा डाल रहे हैं और आरोपित लेखपाल को बचाने मे कोई कसर बाकी नही कर रहे है। गांव के विवादित लेखपाल को न हटाकर स्थाई कर दिया गया। बता दें कि जनपद कुंडा तहसील के कड़रौ गांव के राजस्व कर्मी लेखपाल की क्रिया कलाप व ग्रामीणो से वरासत दर्ज करने के नाम पर लिये गये पैसे की शिकायत कालाकांकर ब्लाक के ग्राम पंचायत कडरौ के ग्राम प्रधान व दर्जनों ग्रामवासियो ने डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य से शिकायत किया था।

# बेल्हा में सड़कों का घटिया निर्माण, जिम्मेदार कौन ?

## सरकार के गुणवत्तापूर्ण सड़क निर्माण अभियान को पलीता

अखंड भारत संदेश

**कटरा गुलाब सिंह, प्रतापगढ़।** बेल्हा में सड़कों का निर्माण अभियंता के बजाय मेंठ की देखरेख में मजदूर करते हैं। ठेकेदार उसे निर्माण सामग्री और प्रति मीटर के हिसाब से मजदूरी देता है। लोक निर्माण विभाग के अधिकारी सड़क की गुणवत्ता और मानक की निगरानी निर्धारित कमीशन लेकर अपने कार्यालय से ही कर लेते हैं।

इससे यह स्पष्ट होता है कि बेल्हा में प्रत्यक्ष रूप से सड़कें लोक निर्माण विभाग नहीं बनाता है। वह सिर्फ कार्यदायी संस्था या ठेकेदार को अपना निर्धारित कमीशन लेकर भुगतान करता है। अनियमितता की स्थिति में भी बिना प्रभावी शिकायत के अधिकारी कार्य स्थल पर जाना आवश्यक नहीं समझते हैं। इसका प्रमाण मांधाता विकास खंड की ग्राम पंचायत पूरे सुखदेव में प्राथमिक विद्यालय बजहा से बजहा गांव के बीच बन रही एक किलोमीटर लंबी सड़क की सोशल मीडिया पर वायरल हो रही फोटो,वीडियो में देखा जा सकता है। यहां ठेकेदार के निर्देश पर मजदूर सड़क निर्माण के मानक को दरकिनार कर बेहद घटिया सड़क बना रहे हैं। ग्रामीणों की नजर पड़ी तो काम बंद करवा दिया और संबंधित जेई व क्षेत्रीय विधायक से शिकायत किया। लेकिन तीसरे दिन भी कोई देखने तक नहीं आया। सरहंग ठेकेदार जबरन मानक विहीन सड़क का निर्माण करा रहा है। सड़कों के निर्माण में बेल्हा का लोक निर्माण विभाग, सरकार की गुणवत्ता पूर्ण सड़क बनाने की मंशा पर पानी फेरने के साथ साथ सरकार की छवि को भी धूमिल करने की साजिश कर रहा है। समय रहते बेल्हा के लोक निर्माण विभाग में बैठे कामचोर व कमीशनखोर अधिकारियों और उनके चहेते दबंग ठेकेदारों को चिन्हित कर कार्यवाही नही की गई तो सरकार का गुणवत्ता पूर्ण सड़क निर्माण का अभियान भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाएगा।



बजहा गांव के बीच बन रही घटिया सड़क निर्माण को देखते ग्रामीण।

### लोक निर्माण विभाग कर रहा सरकार की छवि धूमिल करने की साजिश

### अभियान चलाकर पुलिस ने की वाहनों की धरपकड़, आठ वाहन किये सीज

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने शुक्रवार को नगर में अभियान चलाकर वाहनों की धरपकड़ किया। नगर के इन्दिरा चैक, हनुमान मन्दिर, एसबीआई बैंक, सीएचसी गेट आदि के सामने हर रोज हो रहे जमावड़े पर रोकथाम को लेकर कोतवाल अवन दीक्षित पुलिस बल के साथ सड़क पर उतरे। उन्होनें अभियान चलाकर आठ वाहनों को सीज कर कोतवाली भेजवाया। कोतवाल ने बताया कि तहसील गेट से लेकर संगम चैराहे तक अभियान चलाकर हाइवे पर अतिक्रमण किये वाहनों की धरपकड़ की गयी। इस दौरान चार ईरिक्शा, दो आटो व दो बाइक समेत आठ वाहनों को सीज किया गया। नगर में बनीं डग्गामारी, अतिक्रमण व जाम की समस्या से निजात को लेकर अभियान आगे भी जारी रखा जाएगा।

# गर्भवती महिलाओं की गोदभराई एवं बच्चों को कराया अन्नप्राशन

**गर्भवती महिलाओं की गोदभराई एवं बच्चों को कराया अन्नप्राशन, जिला पंचायत अध्यक्ष, जिलाधिकारी एवं कथावाचक आचार्य श्री चान्द्रांशु जी महाराज ने खेल-कूद प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों किया सम्मानित**



अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती कल्पना सोनकर, जिलाधिकारी सुजीत कुमार एवं कथावाचक परमपूज्य आचार्य श्री चान्द्रांशु जी महाराज ने मेड़ई कल्याणी सेवा ट्रस्ट द्वारा ग्राम पट्टी नरवर में ग्राम गौरव उत्सव के अन्तर्गत कराये गये खेल-कूद प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों यथा-प्राथमिक स्तर पर बालक वर्ग दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले फूलसिंह, द्वितीय स्थान कृष्णा एवं तृतीय स्थान प्रिंस को मोमेण्टों, मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इसी प्रकार प्राथमिक स्तर पर बालिका वर्ग दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली मुस्कान, द्वितीय स्थान-माया देवी एवं तृतीय स्थान पर रहीं प्रीती को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बालक एवं बालिका वर्ग की कबड्डी प्रतियोगिता में विजेता उच्च प्राथमिक विद्यालय, शोभना की टीम को सम्मानित किया गया। इसी प्रकार खो-खो प्रतियोगिता में विजेता टीम तथा माध्यमिक स्तर पर बालक वर्ग में कबड्डी प्रतियोगिता में एस0एच0आई0सी0 कॉलेज, भरवारी की टीम सहित आदि प्रतियोगिताओं में विजयी प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में श्रेष्ठ अवतार की कराटे टीम द्वारा कराटे का प्रदर्शन भी किया गया अध्यक्ष जिला पंचायत,जिलाधिकारी एवं कथावाचक परमपूज्य आचार्य श्री चान्द्राशु जी महाराज ने गर्भवती महिलाओं की गोदभराई एवं बच्चों को अन्नप्राशन भी कराया। जिलाधिकारी ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि मेड़ई कल्याणी सेवा ट्रस्ट द्वारा प्रतिवर्ष ग्राम गौरव उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताओं-खेल-कूद आदि का आयोजन किया जाता है। उन्होंने राजेन्द्र जी को इतना भव्यपूर्ण कार्यक्रम आयोजित कराने के लिए बधाई भी दिया। उन्होंने कहा कि जनपद कौशाम्बी में खेल-कूद के क्षेत्र में निरन्तर अच्छा कार्य किया जा रहा हैं। जनपद के कई खिलाड़ियां ने राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित खेल प्रतियोगिताओ में प्रतिभाग कर जनपद का नाम रोशन किया है इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ0रवि किशोर त्रिवेदी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## दो पक्षों में हुआ विवाद गोलियों के तड़तड़ाहट से बना दहशत का महौल

**कौशाम्बी।** सरायअकिल थाना क्षेत्र में गुरुवार की शाम दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई,इस दौरान असलहो से कई राउंड फायरिंग भी हुई है, मारपीट में एक पक्ष से एक बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गया, सूचना पर मौके पर पुलिस के पहुंचने पर दोनों पक्ष मौके से फरार हो गए।शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया और जांच में जुट गई है। सराय अकिल थाना क्षेत्र के कोटिया गांव की है जहा के निवासी रामदास पाल और संदीप पाल पड़ोसी हैं। दोनों में वर्चस्व को लेकर आपसी रंजिश चल रही है। बताया जा रहा है इसी रंजिशनवश गुरुवार को देर शाम दोनों पक्ष आमने-सामने हो गए। दोनों पक्षों से जुटे करीब दर्जन भर लोग आपस में लाठी डंडों से मारपीट करने लगे। मारपीट में संदीप पाल के बाबा भैरों प्रसाद पाल गंभीर रूप से घायल हो गए। इस दौरान कई राउंड फायरिंग भी हुई हैफायरिंग होने से गांव में दहशत फैल गई। गांव में बवाल की आशंका पर ग्रामीण अपने अपने घरों में दुबक गए।इसी बीच किसी ने पुलिस को सूचना दे दी। सूचना पर मौके पर सरायअकिल और पिपरी थाना की पुलिस पहुंच गई। पुलिस आने पर दोनों पक्ष अपने अपने घरों से फरार हो गए। पुलिस उनकी तलाश में जुटी हुई है।

## न्यूज झरोखा

### महिला मिशन शक्ति शक्ति दीदी अभियान के तहत महिलाओं बालिकाओं को किया जागरूक



**कोखराज कौशाम्बी।** महिला मिशन शक्ति शक्ति दीदी अभियान पेज के तहत 03/11/2023 नवम्बर को पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में थाना कोखराज से एंटी रोमियो आरक्षी महिला कांस्टेबल सुषमा देवी हेड कांस्टेबल, पूनम, हेड कांस्टेबल अनीता कोखराज में जा कर महिलाओं बालिकाओं के बीच जाकर उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओ की जानकारी देकर उन्हें जागरूक करने का प्रयास किया है इस दौरान महिलाओं बालिकाओं से पुलिस ने कहा कि किसी प्रकार की अपराधिक समस्या आने पर वह मामले की जानकारी पुलिस को दे पुलिस उनकी सहायता के लिए हमेशा खड़ी है। महिलाओं बालिकाओं को मिशन शक्ति नारी शक्ति नारी सम्मान अभियान के तहत हेल्पलाइन नंबर 112 पुलिस आपात कालीन सेवा 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1090 वूमेन पावर हेल्पलाइन 102 स्वास्थ्य सेवा 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन 1930,साइबर अपराध हेल्प लाइन 181 महिला हेल्पलाइन और महिला हेल्प डेस्क एंटीरोमियो टीम के कार्य तथा थाना के सीयूजी नंबर के बारे में विस्तृत जानकारी देकर एंटी रोमियो पुलिस द्वारा जागरूक किया गया।

### राइफल शूटिंग प्रतियोगिता में राष्ट्रीय स्तर पर चयनित हुई धर्मा देवी कॉलेज की चार छात्राएं



**कौशाम्बी।** मेरठ में 01 नवम्बर से 03 नवम्बर तक आयोजित हुयी 67वी माध्यमिक विद्यालयों की प्रदेशीय राइफल शूटिंग प्रतियोगिता में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी धर्मा देवी इण्टर कॉलेज की चार छात्राये राष्टीय स्तर के लिये चयनित हुई अण्डर 17 आयु वर्ग में रेशमा देवी को स्वर्ण पदक व मधु देवी को रजत पदक तथा खुशबू देवी को कांस्य पदक प्राप्त हुआ अण्डर 14 आयुवर्ग में मधु देवी ने रजत पदक जीतकर कौशाम्बी जनपद को गौरवान्वित किया इस उपलब्धि पर जिला विद्यालय निरीक्षक कौशाम्बी डॉ सच्चिदानंद यादव, क्रीड़ा सचिव श्यामलाल, विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ रामकिरण त्रिपाठी, ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी यह समाचार जैसे ही प्राप्त हुआ विद्यालय में खुशी की लहर दौड़ गई।

### पास्को एक्ट के वांछित अभियुक्त को भेजा जेल



**अझुवा कौशांबी।** अपराध एवम अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत अझुवा चौकी पुलिस ने आईपीसी धारा 363 से संबंधित नाबालिग बालिका को बरामद कर मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर बलात्कार सहित नाबालिग बालिका के यौनाचार के आरोपी कुलदीप कुमार उम्र 19 वर्ष पुत्र राजू निवासी उमरा भोगलपुर थाना खागा जनपद फतेहपुर को गिरफ्तार कर न्यायालय को सुपुर्द किया हैं जहां से अभियुक्त को जेल भेज दिया गया है।

### कोखराज के होटल में रविवार तो शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन

**कौशाम्बी।** जिला शतरंज खेल संघ कौशांबी के तत्वावधान में आर एम गर्ग ओपन शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 05/11/2023 को राम जी होटल कोखराज कौशांबी में किया जायेगा इस प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के लिए जिले के इच्छुक खिलाड़ी 05 नवम्बर को सुबह 8.30 पर उक्त होटल पर पहुंचे।

## डिप्टी सीएम का कार्यक्रम हुआ निरस्त

**डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य नही आयें कौशाम्बी**

**कौशाम्बी।** जिले में शुक्रवार का डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य का भ्रमण,चौपाल और निरीक्षण कार्यक्रम अपरिहार्य कारणों से निरस्त हो गया है।डिप्टी सीएम के निजी सचिव प्रवीण कुमार वर्मा ने पत्र जारी कर यह जानकारी दी है। डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य शुक्रवार को मूरतगंज के नरवर पट्टी मौजा देवरा में आयोजित ग्राम चौपाल, मेड़ई कल्याणी सेवा ट्रस्ट द्वारा ग्राम उत्सव कार्यक्रम के तहत आयोजित विष्णु महायज्ञ, श्रीमद्भागवत कथा एवम विभागीय निरीक्षण और पार्टी पदाधिकारियों के साथ संवाद एवम विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक करने वाले थे,परंतु उनका कौशाम्बी भ्रमण कार्यक्रम निरस्त हो गया है।

# बाइक से टक्कर मार कर पत्नी की हत्या का प्रयास!

अखंड भारत संदेश



**कोखराज कौशाम्बी।** कोखराज क्षेत्र के रामजी होटल के पास बाइक से टक्कर मार कर पत्नी की हत्या करने का प्रयास किया गया है। इस घटना में पत्नी को गंभीर चोट आई है मामले की जानकारी मिलते ही मौके में लोगों की भीड़ लग गई है मामले की सूचना पुलिस को दी गई है। मौके पर पुलिस भी पहुंच गई है एक दिन पहले दंपति के बीच विवाद हुआ था और पति ने देख लेने की धमकी दी थी अजीब तरीके से पत्नी की हत्या करने का प्रयास किया गया है जिससे दुर्घटना साबित किया जा सके। बेकरी में काम कर बच्चों का भरण पोषण कर जीवन जी रही एक महिला शुक्रवार को अपने घर की ओर जा रही थी जैसे ही महिला राम जी होटल के पास पहुंची उसका पति वीरेंद्र पटेल पुत्र मेवालाल पटेल ग्राम टिकरा ने अपनी पत्नी को बाइक से जोरदार टक्कर मार दिया है और उसके बाद बाइक समेत मौके से फरार हो गया मौके पर तमाम लोगों ने देखा है दुर्घटना में महिला गम्भीर घायल हो गयी खून से लथपथ महिला सड़क पर गिरकर तड़पने लगी मौके पर हादसा देखकर लोगों के भीड़ लग गई सूचना पुलिस को दी गई थाना कोखराज पुलिस को सूचना मिलते ही मौके पर पहुंच कर 108 नम्बर एम्बुलेंस से घायल महिला को नजदीकी अस्पताल मूरतगंज में भर्ती कराया गया है जहाँ पर महिला की हालत गंभीर बतायी जा रही हैं।

### घर के बाहर खड़ी गाड़ी ले उड़े चोर

**कौशाम्बी।** सराय अकिल थाना क्षेत्र के वार्ड न0 12 बुद्धपुरी मोहल्ला में घर के बाहर खड़ी बाइक गायब हो गई। बाइक मालिक घर के बाहर आकर देखा तो बाइक मौके पर नही मिली जिसके बाद बाइक मालिक थाना पहुंचकर लिखित शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है। बताते चलें सराय अकिल थाना क्षेत्र के बुद्धपुरी मोहल्ला निवासी मो सलमान पुत्र मो फारुख जरूरी काम से प्रयागराज गया था देर रात वह वापस लौटा और गाड़ी मैकू दिवाकर के घर के सामने खड़ी करके अंदर चला गया थोड़ी देर बाद बाहर आया तो बाइक मौके पर नही मिली। मौके पर बाइक ना मिलने से मो सलमान के होश उड़ गए और सराय अकिल थाना जाकर शिकायती पत्र देकर मुकदमा पंजीकृत कर कार्यवाही की मांग किया है।

## खबर कवरेज करने जा रहे पत्रकार को रास्ते में रोककर दबंग ने दी जान से मारने की धमकी

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** चरवा थाना क्षेत्र के नगर पंचायत चरवा के पेट्रोल पंप से सौ मीटर की दूरी पर मोटरसाईकिल पर सवार होकर खबर कवरेज करने के लिए चरवा थाना जा रहे पत्रकार को एक दबंग ने जबरन रास्ते में रोककर गाली - गलौज करते हुए जान से मार डालने की धमकी दिया है। दबंग ने पत्रकार को एक सप्ताह के भीतर जान से मार डालने की बात कही है जिससे पत्रकार भयभीत है। उक्त घटना से इलाके के पत्रकार खासा नाराज और अक्रोशित हैं। पत्रकारों ने दबंग के खिलाफ थाने में पहुंच कर सख्त कार्रवाई की माग की है। बता दें कि ग्राम चरवा उत्तर थोक के रहने वाले मिश्री लाल पुत्र राम लौटन जो पेशे से पत्रकार हैं और वह अपने घर से शुक्रवार की शाम समय करीब पांच बजे खबर कावरेज करने के लिए चरवा थाना जा रहें थे जैसे ही पत्रकार मिश्री लाल पेट्रोल पंप से 100 मीटर आगे भरवारी रोड की तरफ पहुंचे ही थे कि पहले से भरवारी रोड के किनारे पान की गुमटी पर पत्रकार के गांव का ही विवेक कुमार पुत्र सिद्ध नरेश उर्फ लल्लू जो संविदा लाइनमैन कर्मचारी है उसने पत्रकार मिश्रीलाल को रोक लिया और उसे भद्दी - भद्दी गाली - गलौज करते हुए जान से मार डालने की धमकी दिया तथा उसने पत्रकार को गोली व बम से मार डालने की धमकी देते हुए कहा कि मैं तुझे एक सप्ताह के अंदर जान से मार दूंगा। उक्त दबंग के द्वारा पत्रकार को धमकी देते समय घटना स्थल पर गणेश साहू पुत्र हरिश्चंद्र निवासी बलीपुर टाटा थाना चरवा और कुछ अज्ञात लोग मौके पर मौजूद थे जिन्होंने दबंग के द्वारा पत्रकार को धमकी देते हुए सुना और देखा है। पत्रकार मिश्रीलाल को डर है कि उसके साथ किसी प्रकार की घटना घटित होती है तो उसका ज़िम्मेदार उक्त दबंग विवेक कुमार होगा। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच पड़ताल में जुट गई और पीड़ित पत्रकार को सुरक्षा मुहैया कराने और न्याय दिलाने का आश्वासन दिया है।

# पीपीएस स्कूल एण्ड गर्ल्स कालेज में सकुशल संपन्न हुआ खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन

अखंड भारत संदेश



**कौशाम्बी।** प्रयागराज एवं कौशाम्बी बार्डर पर स्थित पूरामुफ्ती पब्लिक स्कूल (गर्ल्स इण्टर कालेज) और एसएस खेल परिवार के संयुक्त तत्त्वधन में दो दिवसीय मण्डलीय प्राइजमनी खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन कालेज कैम्पस में हुआ जिसमें 19 वर्ष से कम आयु के बालक/बालिकाओ ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में प्रयागराज, फतेहपुर, कौशांबी, प्रतापगढ़, वाराणसी एवं जौनपुर से बालक एवं बालिकाओं की क्रमशः16 टीमो ने खों- खों प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि डा. जय प्रकाश शर्मा वरिष्ठ उपाध्यक्ष उ. प्र. खों-खों संघ, विषिष्ट अतिथि डा. प्रभुशंकर शुक्ला पूर्व सदस्य नार्दन रेलवे सलाहकार बोर्ड भारत सरकार की गरिगामयी उपस्थिती में हुआ। दीप प्रज्वलित कर सरस्वती वंदना स्तुति के बाद कार्यक्रम की शुरूआत की गई साथ ही खेल से पूर्व प्रतियोगिता में आये हुए समस्त खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया गया।प्रतियोगिता में बालक वर्ग में सिसई सिपाह क्लब ने वाराणसी को 11-8 के अंतर से पराजित करके स्वर्ण पदक अपने नाम किया। हार्डलाइन मैच में केवीएम इंटर कॉलेज ने कौशांबी को 26 सेकंड से पराजित करके कांस्य पदक प्राप्त किया। बालिका वर्ग में जानकी देवी गर्ल्स इंटर कॉलेज ने मेजबान पूरामुफ्ती पब्लिक स्कूल को 12-8 के अंतर से पराजित करके स्वर्ण पदक प्राप्त किया। डीपी गर्ल्स इंटर कॉलेज की खिलाड़ियों ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निर्णय मंडल के रूप में विनोद कुमार पटेल, अमर बहादुर पटेल अजय कुमार और सुनील कुमार,(राज्य रेफ्री), शिव प्रकाश (राष्ट्रीय खिलाड़ी) ने किया। विशेष अतिथि डा. श्वेता जायसवाल प्रधानाचार्या ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम का संचालन आशीष द्विवेदी और आशीष नवल जी ने संयुक्त रूप से किया। प्रतियोगिता के अवसर पर डॉ रंजीत मौर्य अपनी पूरी मेडिकल टीम के साथ मौजूद रहे और आवश्यकता अनुसार सेवाये उपलब्ध कराते रहे। कार्यक्रम का समापन विद्यालय के प्रबंधक डॉ प्रभु शंकर शुक्ला और एस एस खेल परिवार के सहसंस्थापिका सोनी कुशवाहा ने किया। प्रतियोगिता के समापन के अवसर पर डॉ. शर्मा ने विद्यालय के प्रबंधक जी को अवगत कराया की अगामी राज्य स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता पुरमुफ्ती पब्लिक स्कूल के मेजबानी में सम्पन्न होगी। प्रतियोगिता के अंत में विद्यालय के क्रीड़ा सचिव जगदीश कुमार मौर्य ने विभिन्न जिलो से आई हुई टीम और उनके कोच मैनेजर का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम मे आधिकारिक रूप में जयंत पांडेय, राहुल वर्मा, कल्याण सर, रेखा गुप्ता, पिंकी यादव, निर्मला पांडेय आदि सभी शिक्षक गण मौजूद रहे।

# लंका दहन का मंचन देख दर्शकों ने लगाए जयश्री राम के नारे





अखंड भारत संदेश

**अझुवा कौशांबी।** आदर्श नगर पंचायत अझुवा में आयोजित रामलीला कार्यक्रम में बीती गुरुवार रात सीता खोज, लंका दहन, विभीषण शरणागत, रामेश्वरम स्थापना का मंचन किया गया लंका दहन कार्यक्रम देख दर्शकों ने जय श्री राम के गगन भेदी नारे लगाए हैं। प्रथम दिवस दशहरे मेले के मुख्य आकर्षण ब्रेक डांस झूला,आसमानी झूला,रेलगाड़ी झूला और वार्ड नंबर 9 सनई मंडी में आयोजित धार्मिक अर्केस्टा रहा है जहां प्रयागराज से आए कलाकारों ने आकर्षक सजे मंच पर धार्मिक गीत संगीत की धुन पर नृत्य_ नाटक कर जमकर दर्शकों को आकर्षित किया ।प्रथम दिवस बीती रात से नगर पंचायत अझुवा चहुओर रंग बिरंगी रोशनी से डूब गया प्रशासन के मंशानुरूप राष्ट्रीय राजमार्ग में विशेष सजावट नही दिखी इस वर्ष नगर पंचायत के टांडा मार्ग में भी विधिवत सजावट की गई है तमाम झूले आकर्षक दुकानें मेले में चार चांद लगा रही हैं प्रमुख बाजार सब्जी मंडी में मीना बाजार सजा हुआ है जहां महिलाएं ,युवतियां अपनी जरूरत के सामान की खरीददारी कर रही हैं ।क्राकरी के बर्तनों की तमाम मन लुभावन डिजाइन टेंड्री मोड़ तिराहे पर आकर्षण का केंद्र बनी हैं आज शायरी माता तिराहे पर कमेटी के पदाधिकारियों द्वारा नौटंकी का आयोजन भी किया गया है ।वार्ड नंबर 9 नेहरू नगर में अंकित अग्रहरी अपनी टीम के साथ मेले में आने वाले दर्शनार्थियों के शुद्ध जल पान की व्यवस्था किए हुए हैं। वहीं मेले में किसी प्रकार की अप्रिय घटना से निपटने के पुलिस की कई टुकड़ियां मेला क्षेत्र में भ्रमण कर रही हैं।

# इस दिवाली मिट्टी के दियों से रोशन होंगे घर आंगन

**मिट्टी के दीयों का है धार्मिक व वैज्ञानिक महत्व है जिससे मंगल और शनि की कृपा बनी रहती है साथ ही कीटाणुओं का नाश होता है**

गणेश साहू

**कौशाम्बी।** इस बार की दीवाली में कुम्हारों को उम्मीद हैं कि इस बार की दीपावली में एक बार फिर दीया और बाती का मिलन होगा और लोगों के घर-आँगन मिट्टी के दीये से रोशन होंगे पीएम मोदी के 'वोकल फार लोकल' की अपील का इस वर्ष जबरदस्त असर पड़ा है इस दिवाली पर मिट्टी के दीयों से रोशन होंगे घर-आंगन धार्मिक मान्यताओं के मुताबिक मिट्टी का दीपक जलाने से मंगल और शनि की कृपा प्राप्त होती है। वहीं वैज्ञानिक महत्व के अनुसार कीटाणुओं का नाश होता है। दीपावली को अब कुछ ही दिन रह गए हैं। इसी के साथ ही कुम्हार इस वर्ष बड़े पैमाने पर मिट्टी के दीया तैयार कर गांवो और बाजारों में ठेले पर लाद पहुंचा रहे हैं। कुम्हारों को उम्मीद है कि दीपावली पर इस बार लोगों के घर आँगन मिट्टी के दीये से रोशन होंगे और उनके कारोबार को दोबारा दुर्दिन नहीं देखने पड़ेंगे। दरअसल पिछले वर्ष चीन के साथ तनाव को देखते हुए सोशल मीडिया पर जमकर चीनी उत्पादों के खिलाफ अभियान चला था जिसमें दिवाली के मौके पर चाइनीज झालरों के बहिष्कार की भी बात थी। वहीं पीएम मोदी के 'वोकल फार लोकल' की अपील का भी लोगों पर जबरदस्त असर पड़ा और दिवाली के मौके पर दीयों की बिक्री भी जमकर हुई थी। ऐसा लग रहा है कि 'वोकल फॉर लोकल' की अपील का असर इस बार भी लोगों के बीच दिख रहा है और लोग चायनीज झालरों के बजाय मिट्टी के दीयों को प्राथमिकता दे रहे हैं, इससे कुम्हारों में बेहद खुशी है।

**कुम्हार बड़े पैमाने पर दीया तैयार कर पहुंचा रहे गांवो और बाजारों में दीया की भारी है मांग**



**फिर मिलेंगे दीया और बाती :** आधुनिकता के इस दौर में भी मिट्टी के दीये की पहचान बरकरार रखने के कारण कुम्हारों के कुछ कमाई की उम्मीद बन गई है। कुम्हारों का कहना है पहले लोग पूजा पाठ के लिए सिर्फ 5, 11 या 21 दीये खरीदते थे। मगर इस वर्ष दिवाली में लोग ने 10 से 15 दर्जन दीवे खरीदे रहे है और दीया खरीदने वाले लोगो की संख्या भी इस बार अधिक है। इस बार की दिवाली में कुम्हारों को उम्मीद हैं कि इस बार की दीपावली में एक बार फिर दीया और बाती का मिलन होगा और लोगों के घर-आँगन मिट्टी के दीये से रोशन होंगे।

**पटरी पर लौटी कुम्हार की कला :** चाक की तेजी का असर ये है कि बाजार में भी मिट्टी के दीये बिकने के लिए पहुंच गए हैं और लोगों ने अभी से दीयों की खरीदारी भी शुरू कर दी है। चाइनीज झालरों व मोमबत्तियों की चकाचौंध ने दीयों के प्रकाश को गुमनामी के अंधेरे में धकेल दिया था। मगर पिछले दो वर्षों से लोगों की सोच में खासा बदलाव आया और एक बार फिर गाँव की लुप्त होती इस कुम्हारी कला के पटरी पर लौटने के संकेत मिलने लगे हैं। कुम्हारी कला से निर्मित खिलौने, दिवाली, सुराही व अन्य मिट्टी के बर्तनों की मांग बढ़ी तो कुम्हारों के चेहरे खिल गए।

इको-फ्रेण्डली : मिट्टी से निर्मित मूर्तियाँ, दीये व खिलौने पूरी तरह इको-फ्रेंडली होते हैं। इसकी बनावट, रंगाई व पकाने में किसी भी प्रकार का केमिकल प्रयोग नहीं किया जाता है। दीये पर्यावरण को नुकसान नहीं पहुंचाते हैं।

**ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मिलती है मजबूती :** गांव में सदियों से पारंपरिक कला उद्योग से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने में जहाँ पूरा सहयोग मिलता रहा, वहीं गाँव में रोजगार के अवसर भी खूब रहे। इनमें से ग्रामीण कुम्हारी कला भी एक रही है, जो समाज के एक बड़े वर्ग कुम्हार जाति के लिए रोजी-रोटी का बड़ा सहारा रहा।

**दीयों का धार्मिक महत्व :** हिंदू परंपरा में मान्यता है कि मिट्टी का दीपक जलाने से घर में सुख, समृद्धि और शांति का वास होता है। मिट्टी को मंगल ग्रह का प्रतीक माना जाता है। मंगल साहस, पराक्रम में वृद्धि करता है और तेल को शनि का प्रतीक माना जाता है। शनि को न्याय और भाग्य का देवता कहा जाता है। मिट्टी का दीपक जलाने से मंगल और शनि की कृपा प्राप्त होती है और वैज्ञानिक महत्व है कि तेल का दीपक जलाने से आसपास के कीटाणु मर जाते है।

## कुर्बान अली बनाए गए काशी प्रांत युवा संयोजक महानगर प्रयागराज प्रभारी



अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** मुस्लिम राष्ट्रीय मंच आरएसएस संरक्षक डॉक्टर इंद्रेश कुमार उत्तर प्रदेश व सहसंयोजक महताब खान के सहमति से कुर्बान अली को काशी प्रांत युवा संयोजक महानगर प्रयागराज प्रभारी बनाया गया है। कुर्बान अली मुस्लिम राष्ट्रीय मंच आरआरएस कुछ माह पहले ज्वाइन किए हैं तब से वह लगातार संघ के प्रति निष्ठापूर्वक कार्य कर रहे हैं। संघ के पदाधिकारी कुर्बान अली के द्वारा संघ के प्रति लगन एवं मेहनत देखकर उन्हें काशी प्रांत युवा संयोजक महानगर प्रयागराज प्रभारी का दायित्व सौंपा गया। कुर्बान अली को मुस्लिम राष्ट्रीय मंच से काशी प्रांत युवा संयोजक महानगर प्रयागराज प्रभारी बनाए जाने पर रिश्तेदार और समर्थकों के बीच खुशी की लहर दौड़ गई उनके घर पर बधाई देने वालों की लंबी भीड़ लगी रही।

## संपादक की कलम से

# जांच एजेंसियों की साख

**दिल्ली** सरकार के कथित शराब घोटाले के सिलसिले में मिले नोटिस के अनुरूप वैसे तो दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को गुरुवार को प्रवर्तन निदेशालय के दिल्ली कार्यालय में उपस्थित होना था, लेकिन वे यह कहकर नहीं आये कि पहले से ही उनका आज मध्य प्रदेश में राजनीतिक कार्यक्रम तय है जहां विधानसभा के चुनाव होने वाले हैं। वहां उनके उम्मीदवार खड़े हैं। इस चुनावी व्यस्तता के कारण वे अभी ईडी कार्यालय नहीं आ सकेंगे। यह जवाब उन्होंने गुरुवार की सुबह ही ईमेल के जरिये भेजा था। साथ में यह आरोप भी लगाया कि ईडी द्वारा उन्हें भेजा गया समन 'अवैध और राजनीति से प्रेरितइ है। यह नोटिस केन्द्र में सत्तारुढ़ भारतीय जनता पार्टी के इशारे पर भेजा गया है ताकि वे विभिन्न राज्यों के चुनाव प्रचार के लिए न जा सकें। उन्होंने यह भी कहा कि ईडी को यह नोटिस तत्काल वापस लेना चाहिए।

उल्लेखनीय है कि इस मामले में दिल्ली के उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और आप के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह पहले से ही न्यायिक हिरासत में हैं। साल 2021-22 की दिल्ली सरकार की आबकारी नीति को उप राज्यपाल वीके सक्सेना ने कथित अनियमितताओं के चलते रद्द कर दिया था। उनके अनुसार इसमें 338 करोड़ रुपये का मनी लॉन्ड्रिंग का केस बनता है। साथ ही यह मामला केन्द्रीय जांच एजेंसियों को सौंप दिया गया था। 16 अप्रैल को वैसे केजरीवाल सीबीआई के कार्यालय में बैठकर करीब 9 घंटों तक चली पूछताछ के दौरान 56 सवालों के जवाब दे चुके थे और उन्होंने पूरे मामले को बेबुनियाद, मनगढ़ंत और आप को खत्म करने का प्रयास करार दिया था। अब 30 अक्टूबर को उन्हें फिर से समन दिया गया था कि वे गुरुवार को उपस्थित हों। इससे केजरीवाल की गिरफ्तारी तय बतलाई जा रही थी। मुमकिन है कि उन्हें ईडी दूसरा समन जारी करे या गिरफ्तार कर ले। वैसे गुरुवार को केजरीवाल मध्यप्रदेश के सिंगरौली में पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के साथ एक रोड शो करने के लिये निकल गये थे।

ईडी के इस तरह से अचानक व संक्षिप्त नोटिस पर केजरीवाल को फिर से बुलाये जाने का मकसद उनकी गिरफ्तारी हो सकती है जिसके कारण उनकी पार्टी के नेताओं और अन्य दलों से जुड़े लोगों में प्रतिक्रिया होना भी स्वाभाविक है। साफ है कि जिस आम आदमी पार्टी को कभी भाजपा अपने सहयोगी दल के रूप में देख रही थी, अब इसलिये खटकने लगी है क्योंकि वह कांग्रेस के नेतृत्व में बने संयुक्त विपक्षी गठबन्धन इंडिया का हिस्सा बन गई है। आप सरकार के मंत्री गोपाल राय ने गुरुवार को ही आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि भाजपा एक सुनियोजित राजनीतिक साजिश के तहत केजरीवाल को गिरफ्तार करना चाहती है। इसके लिए वह केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है क्योंकि उसे डर है कि यदि सारे विपक्षी दल एक हो गए तो वह 2024 का लोकसभा चुनाव नहीं जीत पाएगी।

पार्टी की एक अन्य मंत्री आतिशी ने पहले ही भाजपा पर आप नेताओं को झूठे मामलों में फंसाने का प्रयास करने का आरोप लगाया था। उन्होंने कहा था कि हर तरफ से जानकारी मिल रही है कि 2 नवंबर को जब अरविंद केजरीवाल ईडी के सामने पेश होंगे तो ईडी उन्हें गिरफ्तार कर लेगी। आगे ईडी और आप क्या करने जा रही है, यह तो फिलहाल पता नहीं परन्तु कई लोगों के अनुसार ईडी के सामने उपस्थित न होकर केजरीवाल अपना पक्ष कमजोर कर रहे हैं।

# गुलाबी सर्दी की दस्तक के साथ भारत में पर्यटन मौसम शुरू

**बाल मुकुंद ओझा**

**गुलाबी सर्दी की** दस्तक के साथ भारत में पर्यटन का मौसम शुरू हो चुका है। गर्मियों में हिल स्टेशन जहां लोगों के पसंदीदा स्थान बने हुए थे, वहीं सर्दी की दस्तक के साथ पहाड़ियों और मैदानों में पर्यटन सर्किट देशी और विदेशी पर्यटकों को अपनी ओर खींच रहे हैं। भारत पर्यटन का खजाना है जहां के खूबसूरत और समृद्ध स्थल बरबस पर्यटकों को अपनी और आकर्षित करते है। भारत में एक तरफ रंग-बिरंगी वादियाँ दिखेंगी तो दूसरी ओर समुद्र की ऊँची उठती इठलाती लहरें। कही आसमान छूने वाले पहाड़ दिखेंगे तो कहीं खिलखिलाते बगीचे। भारत एक ऐसा देश हैं जहां एक से बढ़कर एक प्राकृतिक परिदृश्य देखने को मिलते हैं। यहां आकर आप ऐसी घाटियों और गांवों की सैर कर सकते हैं जिसे अब तक ज्यादा एक्सप्लोर नहीं किया गया है। पर्यटन की दृष्टि से भारत विश्व का एक अजब गजब देश है जहाँ समुद्र से लेकर जंगल और बर्फ से लेकर रेगिस्तान तक देखने को मिल जायेंगे। हरे-भरे घास के मैदान और पथरीली जमीन भी आपको यहीं मिल जाएगी। पर्यटन की दृष्टि से भारत में घूमने लायक कई ऐसी जगहें हैं जो अपनी खूबसूरती से आपका मन मोह लेंगी। देश की शान ताजमहल, कश्मीर, कन्या कुमारी, गोवा, केरल, जयपुर, दिल्ली, दार्जीलिंग, उत्तराखंड का पहाड़ी क्षेत्र आदि मंत्रमुग्ध करने वाले स्थल इसी देश में है। इंडिया गेट, हुमायूँ का मकबरा, कुतुब मीनार, बुलंद दरवाजा, लाल किला आगरा, चारमीनार, गेटवे ऑफ इंडिया, लोटस टैंपल, खजुराहो, साँची, हम्पी, अजंता की गुफाएं, एलोरा की गुफाएं उदयगिरि गुफाएँ इलौरा आदि देश के पर्यटन क्षेत्र बरबस आपको अपनी और खिंच लेते है। विविधता और प्राकृतिक सुन्दरता से भारत पर्यटन के लिए हर किसी की पसंदीदा जगह हैं। देश के पहाड़ी क्षेत्र गर्मियों के रिसॉर्ट्स बने रहते हैं। इनमें पचमढ़ी, अरकु, गुलमर्ग, श्रीनगर, लद्दाख, दार्जिलिंग, मुन्नार, ऊटी और कोडाइकनाल, शिलांग, शिमला, कुल्लू, मसूरी, देहरादून नैनीताल, गंगटोक आदि प्रमुख है।

पर्यटन आज देश और दुनिया का सबसे बड़ा उद्योग बन गया है। भारत की प्राकृतिक, सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक धरोहर, उसे पर्यटन की दृष्टि से अति महत्वपूर्ण क्षेत्र बनाती है।

# अखिलेश व नीतीश की कांग्रेस से नाराजगी

**अशोक भाटिया**




**बिहार** की राजधानी पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में बड़ी जोर-शोर के साथ जिस विपक्षी गठबंधन की नींव पड़ी थी, पांच राज्यों में चुनाव के बीच वह दरकती दिख रही है। पहले समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने विपक्षी इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस यानी इंडिया गठबंधन में कांग्रेस की भूमिका को लेकर तल्ख तेवर दिखाए। अब इस एकजुटता की कवायद के कर्णधार बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी नाराज हैं। दरअसल बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पहल पर पटना की मीटिंग से विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस यानी इंडिया गठबंधन का गठन हुआ था।

नीतीश कुमार ने जहां एक ओर कांग्रेस पर सवाल उठाए, वहीं खुद को सबको साथ लेकर चलने वाला बताया। नीतीश ने कहा, हम सबको एकजुट करते हैं। सभी को साथ लेकर चलते हैं। उन्होंने कहा, हम लोग सोशलिस्ट हैं। सीपीआई से भी हमारा रिश्ता पुराना है। कम्युनिस्ट सोशलिस्ट को एक होकर आगे चलना है। दरअसल, नीतीश कुमार भाजपा से नाता तोड़ने के बाद से विपक्ष को एकजुट करने की कोशिश में जुट गए थे। उन्होंने अलग अलग राज्यों में जाकर विपक्षी दलों के नेताओं से मुलाकात की थी। नीतीश 2024 लोकसभा चुनाव में भाजपा के खिलाफ विपक्षी दलों को साथ लाने में सफल भी हुए थे। इसके बाद नीतीश ने जून में पटना में विपक्षी दलों की बैठक बुलाई थी। इस बैठक में कांग्रेस, टीएमसी, शिवसेना, आम आदमी पार्टी, समाजवादी पार्टी, डीएमके, लेफ्ट समेत 15 दल के नेता शामिल हुए थे।

इस बैठक के बाद बेंगलुरु में विपक्षी दल के नेता मिले थे। इस बैठक में 20 से ज्यादा दलों के नेता शामिल हुए थे। लेकिन बैठक का नेतृत्व कांग्रेस ने किया था। यहां तक कि राहुल गांधी ने अचानक बिना चर्चा के गठबंधन का नाम इंडिया तय कर दिया था। इस पर ममता बनर्जी ने भी समर्थन दिया था। हालांकि, नीतीश कुमार इस नाम के पक्ष में नहीं थे। इतना ही नहीं नीतीश कुमार बैठक के बाद आयोजित संयुक्त प्रेस वार्ता से पहले ही पटना लौट आए थे। इसके बाद नीतीश कुमार की नाराजगी की खबरें सामने आई थीं। कहा गया था कि जिस तरह से विपक्ष की बैठक को कांग्रेस ने हाईजैक किया, उससे नीतीश नाराज हैं। लांकि, मुंबई में आयोजित तीसरी बैठक में नीतीश कुमार हिस्सा लेने पहुंचे थे।

पटना, बेंगलुरु और मुंबई में आयोजित हुई बैठकों के बाद इंडिया गठबंधन तो बन गया। हालांकि, सीटों के बंटवारे, संयोजक कौन होगा, भाजपा से मुकाबले के लिए गठबंधन की रणनीति क्या होगी ये तय नहीं हो सका था । हाल ही में सीटों के बंटवारे को लेकर जब कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से सवाल किया गया था तो उन्होंने कहा था कि 5 राज्यों में चुनाव के बाद इस पर बात होगी।

गौरतलब है कि विपक्षी दलों को एकजुट करने के लिए पटना से कोलकाता, दिल्ली से चेन्नई एक कर देने वाले नीतीश कुमार ने कहा है कि आजकल गठबंधन का कोई काम नहीं हो रहा। कांग्रेस पांच राज्यों के चुनाव में व्यस्त है, इस तरफ ध्यान नहीं दे रही है। उन्होंने ये भी कहा कि हम सबको एकजुट कर, साथ लेकर चलते हैं। हम लोग सोशलिस्ट हैं। सोशलिस्ट और कम्युनिस्ट को एक होकर आगे चलना है। अब नीतीश के इस बयान के मीन-मेख निकाले जाने लगे हैं। भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाले केंद्र की सत्ता पर काबिज राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन यानी एनडीए को हराने के लिए एक सीट पर एक उम्मीदवार के फॉमूर्ले की वकालत करने वाले नीतीश आखिर अचानक इतने तल्ख क्यों हो गए? सवाल इसलिए भी उठ रहे हैं, क्योंकि इस बयान के एक दिन पहले ही नीतीश कुमार से जब इंडिया गठबंधन में अनबन को लेकर सवाल हुआ, तब उन्होंने हाथ जोड़ लिए थे। ऐसे समय में जब उत्तरप्रदेश में अखिलेश यादव ने 65 सीटों पर चुनाव लड़ने का एकतरफा ऐलान कर अपनी लकीर खींच दी है, नीतीश कुमार के इस बयान के मायने क्या हैं? सुशासन बाबू का ये बयान कहीं हिंदी पट्टी के दो बड़े राज्यों में इंडिया गठबंधन का रास्ता ब्लॉक हो जाने का संकेत तो नहीं? नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता और जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला भी कह चुके हैं कि गठबंधन में सबकुछ ठीक नहीं है। हम फिर बैठेंगे और मिलकर आगे बढ़ने की कोशिश करेंगे। ऐसे में सवाल विपक्षी गठबंधन के भविष्य को लेकर भी उठ रहे हैं।

अब सवाल ये भी उठ रहे हैं कि जब इंडिया के घटक दल पहले से ही महागठबंधन में साथ हैं तो फिर समस्या कहां है? कहा तो ये भी जा रहा है कि जिस तरह कांग्रेस ने राजस्थान, मध्य प्रदेश समेत सभी चुनावी राज्यों में और सपा ने उत्तर प्रदेश में अपनी लकीर खींच दी है। नीतीश कुमार की रणनीति भी कुछ वैसी ही हो सकती है। दरअसल, कांग्रेस और लेफ्ट पार्टियां बिहार में 14 सीटों पर दावा कर रही हैं। 40 सीटों वाले सूबे में अगर कांग्रेस-लेफ्ट को उनकी मांग के मुताबिक 14 सीटें दे दी जाएं तो फिर जेडीयू और आरजेडी के लिए 26 सीटें ही बचती हैं। जेडीयू के 16 उम्मीदवार 2019 में जीते थे जबकि आरजेडी 19 सीटों पर दूसरे स्थान पर रही थी। जेडीयू पिछले चुनाव में जीती सीटों से कम सीटों पर तैयार नहीं होगी। अब दूसरा पहलू ये भी है कि कांग्रेस 2019 में केवल एक सीट जीत सकी थी और अब दावा 10 पर कर रही है। विधानसभा चुनाव की बात करें तो कांग्रेस ने 70 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे थे और पार्टी महज 19 सीटें ही जीत सकी थी। तब महागठबंधन सरकार बनाने के लिए जरूरी बहुमत के जादुई आंकड़े से मामूली अंतर से पीछे रह गया था और इसके लिए कांग्रेस के प्रदर्शन को जिम्मेदार ठहराया जाने लगा था। कहा जा रहा है कि 2019 के आम चुनाव और 2020 के बिहार चुनाव में कांग्रेस के प्रदर्शन को देखते हुए नीतीश कुमार कांग्रेस को अधिक सीटें देने के पक्ष में नहीं हैं। नीतीश कुमार के ताजा बयान को कांग्रेस के लिए सख्त संदेश की तरह देखा जा रहा है कि बिहार में उसे उनकी ही माननी पड़ेगी। पहले अखिलेश और अब नीतीश के बयान को पांच राज्यों के नतीजों के बाद बारगेन पावर बढ़ने की उम्मीद लगाए कांग्रेस के लिए झटके की तरह देखा जा रहा है। अखिलेश ने तो दो टूक कह दिया है कि राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ जीत भी जाते हैं तो किसी मुगालते में ना रहें। यहां दाल नहीं गलने वाली। उत्तर प्रदेश और बिहार, दोनों ही राज्य लोकसभा चुनाव के लिहाज से बहुत महत्वपूर्ण है। लोकसभा के 543 में से 120 सदस्य इन्हीं दो राज्यों से चुनकर आते हैं। आंकड़ों के हिसाब से देखें तो उत्तर प्रदेश - बिहार के सदस्यों की तादाद कुल सदस्य संख्या के करीब 22 फीसदी पहुंचती है। ऐसे में सवाल ये भी है कि अपनी खोई जगह वापस पाने के लिए संघर्ष कर रही कांग्रेस इन दो राज्यों में सहयोगी दलों की शर्तें मानेगी या यहां इंडिया गठबंधन का रास्ता ब्लॉक हो जाएगा?

# भाजपा फिर मंदिर भुनाने की राह चली

**राजेन्द्र शर्मा**



**संघ-भाजपा** जोड़ी का इस तरह सांप्रदायिक ध्रुवीकरण के अपने जाने-पहचाने हथियार के लिए लपकना, उसके संकट को ही दिखाता है। उनका सबसे बड़ा संकट यह है कि मोदी के चेहरे के साथ, उनका यह सबसे धारदार हथियार भी, बार-बार के इस्तेमाल से और जनमानस के प्रतिरोध की बढ़ती कठोरता के चलते, ज्यादा से ज्यादा भोंथरा होता जा रहा है।

संघ-भाजपा के अयोध्या के राम मंदिर को चुनाव में भुनाने के उद्यम का, एक और चक्र शुरू हो गया है। इसी महीने होने जा रहे मध्य प्रदेश के चुनाव अभियान में तो नामजदगी के पर्चे भरे जाने की आखिरी तारीख से पहले ही, राममंदिर की बाकायदा एंट्री हो चुकी थी। राज्य के विभिन्न हिस्सों में भाजपा ने बड़ी-बड़ी होडिंगें लगाकर, न सिर्फ 'भव्य राम मंदिर बनकर हो रहा तैयार' की याद दिलाई है बल्कि इसके श्रेय पर भाजपा के दावे की ओर खुला इशारा करते हुए, उसके साथ 'फिर एक बार भाजपा सरकार' की तुक जोड़ने की भी कोशिश की है। होर्डिंग पर अयोध्या में निमार्णाधीन राम मंदिर की विशाल तस्वीर के साथ ही, एक ओर प्रधानमंत्री मोदी की बड़ी सी तस्वीर है और दूसरी ओर, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा को बीच में रखते हुए, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान समेत, भाजपा के प्रायः सभी शीर्ष नेताओं को तस्वीर में जगह दी गई है।

कांग्रेस पार्टी ने चुनाव के लिए धार्मिक अपील का सहारा लिए जाने का मामला होने को रेखांकित करते हुए, चुनाव आयोग से इसकी शिकायत की है। यह शिकायत खासतौर पर तब की गई, जब इस होर्डिंग का इस्तेमाल इंदौर में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की एक चुनाव सभा में किया गया, जो राज्य के शीर्ष भाजपा नेताओं में से एक, कैलाश विजयवर्गीय के पक्ष में प्रचार के लिए आयोजित की गई थी। वैसे यह भी हैरानी की बात नहीं है कि उक्त शिकायत के कई दिन बाद, इन पंक्तियों के लिखे जाने तक, चुनाव आयोग के इस शिकायत पर किसी तरह से हरकत में आने की कोई खबर नहीं आई थी। इस मामले में अपने बचाव की उनकी दलील यही थी कि भाजपा की राम और उनके मंदिर में आस्था है और उनके अपनी इस आस्था का प्रदर्शन करने का विरोध करने वाले, राम और राम मंदिर के विरोधी हैं, उसके बनने का विरोध करते आए हैं। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष, बीडी शर्मा ने न सिर्फ यह दलील पेश कि हम रामभक्त हैं, राम के मंदिर की तस्वीर क्यों नहीं लगाएंगे, बल्कि उन्होंने खास संघी शैली में विपक्ष के लिए कहा कि दूसरे चाहें तो, बाबर की तस्वीर लगा सकते हैं!

इससे कोई यह नहीं समझे कि यह कोशिश भाजपा के मध्य प्रदेश के नेताओं तक ही सीमित हो सकती है। इसी क्रम में, मोदी की भाजपा में दो-नंबर के आसन पर सवार माने जाने वाले, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मध्य प्रदेश में ही उज्जैन में अपनी प्रचार सभा में खुलकर राम मंदिर बनने के श्रेय का दावा किया। शाह ने राहुल गांधी पर टिप्पणी करते हुए कहा कि वह उन्हें मंदिर के उद्द्घाटन की तारीख बताने आए हैं। कांग्रेसी व्यंग्य से उनसे कहा करते थे कि 'ये मंदिर वहीं बनाएंगे पर तारीख नहीं बताएंगे'; अब तारीख बता रहे हैं– 22 जनवरी 2024। शाह ने अपने भाषण में बार-बार इसका दावा किया कि उनकी पार्टी के विरोधियों, खासतौर पर कांग्रेस ने अयोध्या में राम मंदिर को नहीं बनने देने की सभी संभव कोशिशें की थीं। यानी न सिर्फ भाजपा के पक्ष में वोट को, राम मंदिर के लिए वोट बताया जा रहा था बल्कि कांग्रेस या अन्य विपक्षी पार्टियों के लिए वोट को, राम मंदिर के खिलाफ वोट भी बताया जा रहा था।

याद रहे कि इस पूरे सिलसिले की शुरूआत और किसी ने नहीं, खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की थी। प्रधानमंत्री ने अपने चुनाव प्रचार के वर्तमान चक्र की शुरूआत से पहले, चित्रकूट का दौरा किया और इस दौरे के क्रम में इसका विस्तार से बखान किया कि किस तरह, उन्हें 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में निमार्णाधीन राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठ्ठा के अवसर पर उपस्थित रहने के लिए निमंत्रित किया गया है और किस तरह इस निमंत्रण से वह धन्य महसूस कर रहे हैं, आदि आदि। यह संघ-भाजपा के लिए इसका स्पष्टद्द संकेत था कि राम मंदिर की शुभारंभ की तारीख की घोषणा के बहाने से, अयोध्या मंदिर के मुद्दे को भुनाने के एक और चक्र में जुट जाएं। बहुत से टिप्पणीकारों के अनुमान के विपरीत, जिन्हें लग रहा था कि अंततः राम मंदिर के शुरू होने को नरेंद्र मोदी की भाजपा द्वारा अगले आम चुनाव में ही भुनाने की कोशिश की जाएगी, नरेंद्र मोदी ने चित्रकूट से इसका स्पष्टद्द संकेत दे दिया कि विधानसभाई चुनाव के मौजूदा चक्र से ही इसे भुनाना शुरू कर दिया जाए। उन्हें लगा होगा कि इसे भुनाना लोकसभा चुनाव के लिए ही उठा रखना, समझदारी नहीं नासमझी का मामला भी साबित हो सकता है। नरेंद्र मोदी वैसे भी, चुनावी-राजनीतिक लड़ाई में, वैध-अवैध कोई भी हथियार, उठा रखने में विश्वास नहीं रखते हैं; फिर विधानसभा चुनावों का वर्तमान चक्र तो वैसे भी उनके ही चेहरे पर लड़े जाने के बावजूद, काफी कठिन दिखाई दे रहा है।

वर्तमान चुनावों में संघ-भाजपा का सांप्रदायिक अपील तथा ध्रुवीकरण का सहारा लेना, न तो राम मंदिर की अपील तक ही सीमित रहने जा रहा है और न ही सिर्फ मध्य प्रदेश तक सीमित रहने जा रहा है। राजस्थान में खुद प्रधानमंत्री मोदी, उदयपुर के कन्हैयालाल टेलर की हत्या की दुर्भाग्यपूर्ण घटना का सांप्रदायिक संदेशों के लिए इस्तेमाल कर, संघ-भाजपा की कतारों को सांप्रदायिक ध्रुवीकरण का सहारा लेने के लिए, नामजदगी के पर्चे भरे जाने से पहले से ही प्रेरित कर आए थे।

# और भी जानलेवा होती भारतीय सड़कें

**एक** ओर तो भारत सरकार सड़क यातायात को सुगम और सुरक्षित साबित करने के बड़े दावे करती है परन्तु वास्तविकता यह है कि भारतीय सड़कें बेहद असुरक्षित हैं जो हर रोज न जाने कितने लोगों के जीवन को लील रही है और लोगों को घायल कर रही हैं। इनमें से बड़ी संख्या में ऐसे भी हैं जो आजीवन विकलांग या शारीरिक रूप से पूरी तरह असमर्थ हो जाते हैं। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा भारत में 2022 के दौरान होने वाले सड़क हादसों को लेकर जो वार्षिक रिपोर्ट जारी की गई है वह बेहद चिंताजनक है। स्थिति की गम्भीरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि भारत में कहीं न कहीं औसतन हर घंटे 53 दुर्घटनाएं होती हैं जिनमें 19 लोगों की मौत हो जाती है। ये आंकड़े चेतावनी के रूप में लिये जाने चाहिये और इन दुर्घटनाओं को टालने के लिये असरकारी कदम उठाने होंगे। सड़कें न केवल सुरक्षित हों वरन वाहनों की स्थिति भी ठीक होना चाहिये तथा वाहन चालन भी दोषरहित हो तभी सड़क यातायात को सुरक्षित कर नागरिकों के अमूल्य जीवन बचाये जा सकते हैं।

हर वर्ष राज्यों तथा केंद्रशासित प्रदेशों के पुलिस विभागों द्वारा ऐसी रिपोर्ट जारी होती है। साल 2022 के आंकड़े सड़क दुर्घटनाओं और उनके चलते होने वाली मौतों की संख्या व घायलों की तादाद में बड़ी बढ़ोतरी को दशार्ते हैं। ये आंकड़े एशिया पेसिफिक रोड एक्सीडेंट डाटा के अंतर्गत जारी किये गये हैं। इसके अनुसार साल 2022 के दौरान देश भर में 4,61,312 सड़क दुर्घटनाएं हुईं। इनमें 1,68,491 लोगों की मौत हुई और 4,43,366 लोग घायल हुए। उसके पहले साल की तुलना में दुर्घटनाएं 11.9 प्रतिशत बढ़ी हैं। 9.4 फीसदी अधिक



लोगों की मृत्यु हुई जबकि घायलों की संख्या के लिहाज से यह 15.3 प्रश की वृद्धि है रिपोर्ट में सड़क हादसों का सबसे बड़ा कारण निर्धारित गति से भी तेज चालन, नशे में गाड़ी चलाना और यातायात नियमों का अनुपालन न करना बताया गया है। सड़क हादसों को लेकर वाहन चालकों को जागरूक करने की जरूरत बतलाई गई है। उनके लिये शैक्षणिक व प्रशिक्षण अभियान भी आवश्यक बताये गये हैं। सवाल तो यह है कि कुछ वर्षों पहले भारत सरकार ने नियम तोड़ने वालों के लिये बड़े जुमार्ने निर्धारित किये थे। विशेषज्ञों ने तभी यह राय जाहिर की थी कि भारी-भरकम आर्थिक दण्ड की बजाय जागरूकता बेहतर उपाय है। मंत्रालय का यह भी दावा रहा है कि सड़क हादसों को रोकने के लिए कई तरीके अपनाए जा रहे हैं जिनमें मंत्रालय द्वारा वाहन चालकों को प्रशिक्षण देना आदि शामिल है। इसके अलावा वह सड़कों की गुणवत्ता, वाहन के मानक, यातायात नियमों का कड़ाई से अमल सहित दुर्घटनाओं को रोकने के अन्य पहलुओं पर काम करने का दावा भी करती रही है। सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिये केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा मिलकर काम करने की जरूरत भी बतलाई गई है। मंत्रालय ने कई अन्य संबंधित संगठनों के साथ मिलकर इन्हें रोकने की ठानी है। इस कार्यक्रम को 4ई का नाम दिया गया है, जिसमें शिक्षा (एजूकेशन), इंजीनियरिंग (सड़क और वाहन दोनों), प्रवर्तन (एनफोर्समेंट) और आपातकालीन देखभाल (इमरजेंसी केयर) शामिल हैं। मंत्रालय का यह भी दावा है कि वह सड़क सुरक्षा ऑडिट कराने जा रही है। इस क्षेत्र में कई तरह के शोध, अध्ययन आदि भी किये जा रहे हैं ताकि सड़कों को पूर्णतः निरापद बनाया जा सके। यह रिपोर्ट बहुत ही चेतावनी भरी है। इसलिये सरकार को चाहिये कि वह सभी आवश्यक कदम उठाये। देखा तो यह जाता है कि सरकारों की रुचि केवल सड़कों के अनावश्यक रूप से चौड़ीकरण और फोर लेन या सिक्स लेन बनाने में रहती हैं। ये सड़कें परिवहन का समय घटाने और हादसों को रोकने के नाम पर चौड़ी तो कर दी जाती हैं लेकिन दुर्घटनाओं में कोई कमी नहीं हो पाती। सफर में लगने वाला वक्त जरूर घट जाता है परन्तु वह इकलौता लाभ पर्याप्त नहीं है। देखा यह भी गया है कि वाहन चलाने वाले और रास्तों पर चलने वाले कोई भी सुरक्षित नहीं है। यहां तक कि रास्तों के किनारे रहने वाले भी दुर्घटनाओं की आशंका में जीते हैं। हाल के वर्षों में वाहनों की गुणवत्ता भी काफी सुधरी है परन्तु यह भी सच है कि उसकी गति में भी इजाफा हुआ है। तिस पर बेहतरीन व चौड़ी सड़कें पाकर वाहनों को फरार्टा गति से दौड़ाने का लालच भी बढ़ा है। समस्या यह है कि सड़कों पर चलने-चलाने का शऊर अब तक भारत के लोगों में विकसित हो नहीं पाया है। सरकार को लगता है कि केवल बड़ी राशि का जुमार्ना ठोंककर समस्या से निजात पाया जा सकता है। कुछ बड़े व अनुशासनप्रिय शहरों में तो यातायात नियमों को तोड़ने वालों पर निगरानी रखी जाती है।

## अंतर्राज्यीय सीमा पर जल्द बनायें आकर्षक गेटः डीएम



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिले में अंतर्राज्यीय/अंतरराष्ट्रीय गेट निर्माण में जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने हनुमान धारा समीप बॉर्डर पर गेट निर्माण का निरीक्षण किया। निरीक्षण में जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता प्रान्तीय खंड लोनिवि सत्येन्द्रनाथ को निर्देश दिये कि क्लैडिंग को टीम बुलाकर जल्द करायें। गुंबद की भी क्लैडिंग करायें। गेट के मुख्य द्वार पर उत्तर प्रदेश में आपका स्वागत है- सुनहरे अक्षरों से लिखवायें। लाइटिंग की भी व्यवस्था करें, ताकि चमक बनी रहे।

जिलाधिकारी ने कहा कि जिले में ये कार्य प्राथमिकता पर है, काम नहीं रुकना चाहिए। जल्द पूरा करायें। कार्यदायी संस्था से कहा कि स्पीड ब्रेकर को हटायें। एक्सईएन लोनिवि को निर्देश दिये कि मिट्टी फिलिंग मुख्य विकास अधिकारी से तालमेल बनाकर तालाबों की खुदाई से करायें। निर्देश दिये कि रोड के बगल में इंटरलॉकिंग भी करायें। इस मौके पर लोनिवि एक्सईएन सत्येंद्रनाथ, सहायक अभियंता अजीत कुमार आदि मौजूद रहे।

## दरिंदे बाप को हुई उम्र कैद की सजा, विशेष न्यायाधीश ने सुनाया फैसला

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** रिश्तों को शर्मशार करने वाले दरिंदे बाप को विशेष न्यायाधीश विनीत नारायण पाण्डेय ने नाबालिक बेटी से दुराचार के मामले में दोष सिद्ध पर आजीवन करावास की सजा सुनाई है। 55 हजार रूपए के जुमार्ना से भी दंडित किया है।

शुक्रवार को विशेष लोक अभियोजक तेज प्रताप सिंह ने बताया कि बांदा जिले के कमासिन थाने के एक गांव की महिला ने कर्वी कोतवाली में 26 जुलाई 2023 रिपोर्ट लिखाई थी कि पति के साथ कसहाई रोड में किराए के घर में रहती थी। पति राज मिस्त्री का काम करता है। 25-26 जुलाई 2023 की रात पति घर आया। कक्षा चार में पढने वाली 11 वर्षीय बेटी को पढ़ाने के बहाने छत ले गया। छत में रात्रि 11 बजे पति ने बेटी के साथ जबरन दुष्कर्म किया। बेटी रोते-लडखडाते नीचे आई और आपबीती बतायी। उसने थाने में तहरीर दी। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्जकर बालिका का डॉक्टरी परीक्षण कराया। आरोपी के खिलाफ दस अगस्त को आरोप पत्र दाखिल किया था।

बचाव व अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद विशेष न्यायाधीश विनीत नारायण पाण्डेय ने दोष सिद्ध होने पर बेटी से दुराचार के आरोपी पिता को आजीवन करावास से दंडित किया। 55 हजार रूपए के जुमार्ना की सजा सुनाई। जुमार्ना अदा करने पर 50 फीसदी पीडिता को देने के आदेश दिए।

## परिक्रमा मार्ग से हटवाये अवैध अतिक्रमण



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द के निर्देश पर दूसरे दिन भी अवैध कब्जा हटाने का अभियान चला। नव प्रोन्नत डिप्टी कलेक्टर/तहसीलदार अमित कुमार त्रिपाठी की अगुवाई में परिक्रमा मार्ग में अवैध अतिक्रमण हटवाये गये।

शुक्रवार को डिप्टी कलेक्टर/तहसीलदार अमित कुमार त्रिपाठी की अगुवाई में परिक्रमा मार्ग से अवैध कब्जेधारियों को कब्जे हटाने को कहा गया था। ऐसे लोगों ने कब्जा हटाने की पहल नहीं की। राजस्व टीम ने मौके पर पहुंचकर अवैध कब्जे हटवाये। इस बाबत डिप्टी कलेक्टर अमित कुमार त्रिपाठी ने बताया कि अतिक्रमण हटाओ अभियान जारी रहेगा। कोई भी सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा नहीं रहेगा।

अभियान दौरान राजस्व टीम में राजस्व निरीक्षक सुधीर सिंह, लेखपाल आलोक मिश्र, राकेश पांडेय, चैकी प्रभारी खोही परिक्रमा मार्ग प्रवीण कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

## पौशलहा में विधायक ने की शिरकत



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** नवीन सरस्वती ज्ञान विद्यालय पौशलहा मप्र में छात्र अभिनंदन समारोह विद्यासागर के बुलावे पर बतौर मुख्य अतिथि सदर विधायक अनिल प्रधान की मौजूदगी में शिक्षक बडी मडैयन रवीन्द्र कुमार, रामहित सेवा समिति के अध्यक्ष रोहित पटेल, शशिकांत पटेल, अनुराग पटेल, आलोक सिंह, जिला पंचायत सदस्य मीरा भारती मौजूद रहीं।

शुक्रवार को सदर विधायक अनिल प्रधान ने शिक्षा की देवी ज्योतिबा बाई फुले को याद कर शिक्षा के योगदान की चर्चा की। रामहित सेवा समिति अध्यक्ष रोहित पटेल ने कक्षा एक से आठ तक में प्रथम आने वाले बच्चों को एक-एक बैग देकर उत्साहवर्धन किया। विधायक से उम्मीद जताई कि भव्य समारोह हर साल हो, ताकि बच्चों की योग्यता निखारने में मदद मिले। सहयोगी रवीन्द्र कुमार ने सामाजिक कार्य से गरीब बच्चों को सहयोग मिलता है।

# कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने चैपाल में दलितों की सुनी समस्यायें

## पूर्व सांसद भैरों प्रसाद के घर जाकर जताई संवेदना

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** उप्र कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने जिले में दलित गौरव संवाद में रामनगर ब्लॉक के बांधी गांव में पूर्व क्षेत्र पंचायत/पूर्व प्रधान/प्रधान/पूर्व जिला पंचायत सदस्य, समाजसेवी, पूर्व शिक्षकों से संवाद कर उनके अधिकार मांग पत्र भरवाये।




शुक्रवार को प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने चैपाल में कहा कि कांग्रेस पूरे प्रदेश में दलित गौरव संवाद से आम लोगों के बीच पांच समस्या नोट कर केंद्रीय नेतृत्व को बतायेगी। समस्या निदान को संघर्ष करेगी। आगामी चुनाव में राहुल गांधी को प्रधानमंत्री बनाने को तानाशाही लोकतंत्र विरोधी सरकार को हटाने का काम जनता करेगी।

अध्यक्षता कर रहे जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल एड, प्रदेश महासचिव अखिलेश शुक्ला, जिलाध्यक्ष बांदा प्रदुम्न दुबे, पंकज मिश्रा, कार्यक्रम संयोजक पूर्व प्रत्याशी रंजना बरातीलाल पांडे, जिला महासचिव कालीचरण राजपूत, ब्लॉक अध्यक्ष शिवशंकर खंगार, न्याय पंचायत अध्यक्ष विकास द्विवेदी, किसान कांग्रेस अध्यक्ष राजेश सिंह, राज नारायण यादव, वर्तमान प्रधान प्रमोद वर्मा, पूर्व प्रधान कपूरी हीरालाल वर्मा, पूर्व जिला पंचायत सदस्य इंद्रपाल कोल, समाजसेवी/पूर्व जिला पंचायत प्रत्याशी विंदा देवी वर्मा, ननकवन वर्मा, न्याय पंचायत अध्यक्ष मोहन विश्वकर्मा, विपिन पांडे, शारदा गौतम, पुणेन्द पांडे समर्थकों समेत कांग्रेस की सदस्यता ली। राजकुमार वर्मा, बालकरण वर्मा, चम्पा वर्मा, सुनैना, शिव प्रताप, राजेश कुमार वर्मा, मइयादीन वर्मा, उदय पाल, अतुल तिवारी, तीरथ सिंह, पवन रजक, अजय द्विवेदी, ओमनारायण मिश्रा, हरिओम पांडे, संचालन जिला सचिव यमुना शुक्ला ने किया।

प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्र के आवास जाकर संवेदना जताई। दुख की घड़ी में कहा कि कांग्रेस उनके साथ है। सरकार पर सवाल उठाते हुए कहा कि प्रदेश में जनप्रतिनिधि/पूर्व सांसद, जो भाजपा के हैं, उनके बेटे को इलाज नहीं मिल सका। आम जनता के साथ कैसा बर्ताव होता होगा। प्रदेश की प्रशासन व्यवस्था पूरी तरह फेल है। इस दौरान उनके साथ इलाहाबाद शहर अध्यक्ष प्रदीप मिश्रा, अंशुमन, मनीष मिश्रा, आशीष पांडे आदि मौजूद रहे।

# दीवार खडीकर बन्द की गई सडक व अवैध दुकानें

## डीएम साहेबः ये देखो, बस स्टैण्ड के अवैध कब्जे - अभिलेखों में आज भी दर्ज है कुआ व सडक - गरीबों के झोपडे तो गिरा दिये, दौलतमन्दों के अवैध कब्जे पर भी चलायें बुलडोजर

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर जहां प्रयागराज के झूंसी में अवैध मार्केट ढहाई गई है, वहीं जिला मुख्यालय में सौ फीसदी अवैध कब्जे की दुकानों को ढहाने का कोई प्रयास नहीं किया जा रहा। बस स्टैण्ड पर पुराने अभिलेखों में दर्ज कुआ व सडक पर अवैध कब्जे की दुकानें जिला प्रशासन को मुंह चिढा रही हैं। बस स्टैण्ड को कुआ व सडक पर अवैध कब्जा कर दुकानें ढहाने बाबत पूर्व जिलाधिकारी बलकार सिंह ने पत्रांक संख्या 4954 के जरिये 12 दिसम्बर 2012 को एसडीएम कर्वी, सीओ सिटी व ईओ नगर पालिका को



आदेश दिये थे, तब से ये आदेश धूल फांक रहे हैं। बस स्टैण्ड से पार्क व कोठी तालाब को जाने वाले रास्ते पर गरीबों के झोपडे तो चार माह पहले ढहा दिये गये थे, लेकिन कोठी तालाब से बस स्टैण्ड छोडकर जाने वाली सडक पर अवैध कब्जे कर बनाई दुकानें व दीवार को ढहाने का कोई प्रयास नहीं हुआ। इससे लोगों में रोष उभर रहा है कि दौलतमन्दों व असरदारों के अवैध कब्जे नहीं हटाये गये।

अरसा पहले बस स्टैण्ड के शंकर ढाबा के सामने हीरामन जायसवाल के घर के पास से एक तीस फुट चैडी सडक कोठी तालाब की ओर गई थी। इस सडक को हीरामन जायसवाल समेत चैबे व राधेरमन पाण्डेय ने कब्जाकर दुकानें बनाकर किराया वसूल रहे हैं। इनके घरों के निर्माण का मुआयना करें तो साफतौर पर जाहिर होता है कि यहां पर सडक ही थी। ये सडक पुराने अभिलेखों में गाटा संख्या 441 में सडक व कुआ आज भी दर्ज है। सौ फीसदी अवैध कब्जा कर बनाई दुकानों को ढहाने का जिला प्रशासन कोई प्रयास नहीं कर रहा है। लोगों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि जहां शुद्धतौर पर अवैध कब्जा है, वहां से अवैध कब्जा हटाकर सडक व कुआ खुलवाने का प्रयास किया जाये, ताकि बस स्टैण्ड पर भीड का दबाव बढने पर लोग इस रास्ते से आगे जा सकें।

# पुलिस की यारीः दबंग रोहिल ने दुकान में घुसकर की मारपीट

## ऐसी घटनायें लेती हैं बडा रुप

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** छोटी-मोटी मामूली घटनायें आगे चलकर बडा रुप ले लेती हैं। इस अंजाम की परवाह किये बिना एक दबंग ने अपने दरवाजे पर चढकर युवक पर जानलेवा हमला किया। इलाका पुलिस ने जांचकर कार्यवाही की बात कही है, जबकि वायरल वीडियो में दबंग साफतौर पर युवक की पिटाई करता दिख रहा है।



मारपीट की ये घटना गुरुवार को पूर्वान्ह 11 बजे शंकर बाजार स्थित पुलिस चैकी के सामने हुई। बताया गया कि किराने की दुकान के बाहर दबंग रोहिल अग्रवाल की स्कूटी खडी थी। उसे किसी ने गिरा दिया था। स्कूटी गिरने की सूचना मिलते ही रोहिल का पारा सातवें आसमान में पहुंच गया। उसने दुकान के स्टाफ प्रभात मिश्रा को दुकान में घुसकर जमकर पिटाई की। किराने की दुकान सुंदरलाल-बाबूलाल किराना की बताई गई है। रोहिल अग्रवाल खुद को कथित समाजसेवी भी बताता है। यहां तक कि वह खुद को एक पुलिस अधिकारी का क्लास फेलो भी बताता है।

मारपीट से घायल प्रभात मिश्रा ने कर्वी कोतवाली में घटना की सूचना दी। बुलंद हौसलों के चलते दबंग के खिलाफ पुलिस ने कोई कार्यवाही नहीं की। कर्वी कोतवाल अजीत कुमार पाण्डेय ने कहा कि जांचकर मामले में कार्यवाही की जायेगी, जबकि सोशल मीडिया में वायरल वीडियो में साफतौर पर दिख रहा है कि रोहिल अग्रवाल ने दुकान में घुसकर मारपीट की घटना अंजाम दी है।


पुलिस चैकी के सामने हुई घटना के बाद पुलिस ने कोई दखल नहीं दिया। ऐसी छोटी घटनाओं को पुलिस के नजरअंदाज करने से यही घटनायेंब डा रुप ले लेती हैं। समय रहते पुलिस को दबंग रोहिल अग्रवाल के खिलाफ उचित कानूनी कार्यवाही करनी चाहिए, ताकि कोई दबंग ऐसा दुस्साहस न कर सके।

# शिक्षित हो महिलायें बनें आत्मनिर्भर

## एंटी रोमियों टीमों ने किया जागरूक

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन, महिला सशक्तिकरण, महिला कल्याण एवं बाल विकास की जारी मिशन शक्ति अभियान-4 के तहत जिले के सभी थानों की एंटी रोमियों टीमों/शक्ति दीदी ने विभिन्न सार्वजनिक स्थल व गांवों में भ्रमण कर महिला एवं बालिकाओं को महिला सुरक्षा बाबत जागरुक किया।



शुकवार को मिशन शक्ति अभियान-4 व शक्ति दीदी के तहत पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर नोडल अधिकारी/मिशन शक्ति क्षेत्राधिकारी राजापुर लाइन्स श्रीमती निष्ठा उपाध्याय की देखरेख में सभी थाना क्षेत्रों में एंटी रोमियों टीमों ने सार्वजनिक स्थलों व गांवों का भ्रमण कर सार्वजनिक स्थलों चैराहे, बाजारों में असामाजिक तत्वों से मुक्त कराने व महिलाओं एवं बालिकाओं से राह चलते छेडखानी, अभद्रता, अश्लील प्रदर्शन, अभद्र टिप्पणियां की घटनायें रोकने को जागरुक किया। महिला/बालिकाओं को सुरक्षा बाबत फोन नम्बर बताये। थानों में सुरक्षा/सहायता को महिला हेल्पडेस्क में महिला पुलिस कर्मी महिलाओं की शिकायतें सुनकर समय से निस्तारण करती हैं। हेल्पलाइन नम्बरों बाबत पंपलेट बांटे। महिलाओं को आत्मनिर्भर व निर्भीक होकर क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने को प्रेरित किया।

## आलाकत्ल समेत चार आरोपी दबोचे, एक नवम्बर को हुई थी हत्या



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अपराधियों की धरपकडक को जारी अभियान में थानाध्यक्ष बहिलपुरवा रामसिंह की अगुवाई में दरोगा विजय बहादुर यादव की टीम ने मारपीट, हत्या में वांछित दिनेश पुत्र काशी प्रसाद, राजेश पुत्र काशी प्रसाद, विनोद उर्फ ओमप्रकाश पुत्र काशी प्रसाद निवासी खांचापुरवा मजरा सेमरदहा व पुत्तनलाल पुत्र शिवप्रताप निवासी ममसी बुर्जुग थाना सरधुवा को घटना में प्रयुक्त आला कत्ल चार लाठी-डंडे समेत गिरफ्तार किया।

ज्ञात है कि एक नवम्बर को खांचापुरवा मजरा सेमरदहा में रास्ते के विवाद को लेकर मारपीट में नेमचन्द्र पुत्र श्रीकेशन को चोटें आयी थी। इलाज को जिला अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कालेज प्रयागराज रेफर किया था। रास्ते में ले जाते समय उसकी मृत्यु हो गयी थी। इस बाबत मृतक की पुत्री सुधा देवी की तहरीर पर बहिलपुरवा थाने में दिनेश आदि चार लोगों के खिलाफ मामला उचित धाराओं में दर्ज हुआ था।

पुलिस अधीक्षक ने मामले को संज्ञान में लेकर आरोपियों की गिरफ्तारी के निर्देश दिये थे। बहिलपुरवा पुलिस ने घटना में शामिल चारों आरोपियों को कत्ल में प्रयुक्त लाठी-डंडों समेत गिरफ्तार किया। टीम में दरोगा विजय बहादुर यादव, दरोगा सुशील चंद्र निगम, सिपाही अरविन्द कुमार व पीआरडी श्याम नारायण शामिल रहे।

## पुलिस ने एक वारंटी दबोचा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुकला के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर श्रीमती रीता सिंह की अगुवाई में वरिष्ठ दरोगा रामवीर सिंह की टीम ने घर में घुसकर छेडछाड के आरोपी सूरज तोमर पुत्र विजय प्रसाद तोमर निवासी सुभाषनगर को गिरफ्तार किया। टीम में वरिष्ठ दरोगा रामवीर सिंह व सिपाही विमलेश कुमार शामिल रहे।

## लक्ष्मी-गणेश मूर्तियों को रखें नदी किनारे , बुन्देली सेना करायेगी भू-विसर्जन



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** दीपावली को लेकर पुलघाट कर्वी में तीसरे दिन बुंदेली सेना ने नदी का चारा व घाट की सीढ़ियों में जमा मलबे को निकाला। सीढ़ियों में घुटनों तक मिट्टी व मलबा होने से शनिवार व रविवार को भी पुलघाट में नदी की सफाई जारी रहेगी।

शुक्रवार को बुन्देली सेना जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने लोगों से अपील की है कि गणेश-लक्ष्मी मूर्तियां नदी में फेंकने की बजाय पुलघाट में बरगद के चबूतरे में रखी जायें, ताकि उनका भू-विसर्जन हो सके। बताया कि पुलघाट कर्वी में गंदगी का अम्बार है। दीपावली के पहले घाट को नहाने लायक बनाने के प्रयास जारी है। विसर्जन के नाम पर नदी की रोज हत्या हो रही है। धर्मभीरु लोग अंधे होकर नदी के साथ जुल्म कर रहे हैं। प्रदूषण करने से गंगा की कृपा नहीं, बल्कि लोग पाप को बढा रहे हैं। दीपावली में घरों में रखे लक्ष्मी-गणेश मूर्तियों को भी नदी के हवाले करने की परम्परा है। नदी में फेंकने की बजाय मूर्तियों को पुलघाट चबूतरे पर रख दें। अन्य जगहों पर घाट किनारे छोड़ दें। बुंदेली सेना इनका भू-विसर्जन कराएगी। नदी की बजाय मूर्तियों का भू-विसर्जन अच्छा विकल्प है। सफाई अभियान में नगर पालिका सफाई कर्मी व बुंदेली सेना के अतुल सिंह, वीपी पटेल, जानकीशरण गुप्ता आदि ने सहयोग किया।


## किराये के लोग बुलाकर खुद करवाते हैं सम्मान, पहाड़ी में बस स्टैंड की उठी मांग

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** एडवोकेट काउंसिल के जिला प्रभारी रामप्रकाश पाण्डेय एड ने ब्लॉक मुख्यालय पहाडी में स्थाई बस स्टैंड बनवाने की मांग की है।

शुक्रवार को उन्होंने कहा कि जिले की जनसंख्या अनुपात में पहाडी सबसे बड़ा ब्लॉक है। 84 ग्राम पंचायतें हैं, कोई स्थाई बस स्टैंड न होने से ग्रामीणों को परेशानी होती है। कई बार शासन-प्रशासन को पत्र भेजे जा चुके हैं। अभी तक कोई ठोस कदम न उठाने से ग्रामीणों में नाराजगी हैं। पहाड़ी के रमाकांत तिवारी ने कहा कि उसकी पत्नी विकलांग है। दवा करवाने को प्रयागराज जाना पडता है। कोई साधन समय से न मिलने से दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। नांदी के हनुमान प्रसाद ने कहा कि स्थायी बस स्टैण्ड पहाडी ब्लाक में जरूरी है। जमहिल के अनिल त्रिपाठी ने कहा कि यहां जनप्रतिनिधि केवल सत्ता सुख भोगने को चुनाव लडने आते हैं। क्षेत्र के विकास की व जनता के दुख-दर्द से किसी को कोई लेना-देना नहीं रहता। कुछ नेता टेंट लगवाकर किराये के लोग बुलाकर अपना खुद सम्मान करवा लेते हैं। जनता से उन्हें कोई लेना-देना नहीं है। कुछ नेता सोशल मीडिया में बडे-बडे दावे कर खुद खुश हो लेते हैं

## मप्र चुनावः सीमा क्षेत्र में एसडीएम रखें है पैनी नजर



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** मंडलायुक्त व जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द तथा जिला आबकारी अधिकारी राजेन्द्र यादव के निर्देश पर विशेष प्रवर्तन अभियान के तहत मानिकपुर के एसडीएम रामजन्म यादव ने संयुक्त रुप से शराब दुकानों की जांच की। शुक्रवार को मप्र विधानसभा में चुनाव के मद्देनजर सीमा से सटे इलाकों एवं आबकारी दुकानों पर एसडीएम रामजन्म यादव ने टीम के साथ औचक निरीक्षण किया। मारकुंडी थाना पुलिस के साथ सघन जांच की। सीमा पर बने चेकपोस्ट का निरीक्षण किया।

एसडीएम मप्र चुनाव के चलते सीमा क्षेत्र में कडी चैकसी बरत रहे हैं। उनका मानना है कि मप्र चुनाव में सीमा क्षेत्र का लाभ उठाकर अराजकतत्व कोई भी वारदात अंजाम दे सकते हैं। इसके चलते पैनी नजर रखी जा रही है।

# जेल में इमरान खान को नहीं दिया जा रहा है जहर, डॉक्टर्स ने की पुष्टि

## पूर्व प्रधानमंत्री को जेल में धीमा जहर दिए जाने का कोई संकेत नहीं मिला है



**इस्लामाबाद**

**इमरान** खान के निजी चिकित्सक डॉ.फैसल सुल्तान ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री को जेल में धीमा जहर दिए जाने का कोई संकेत नहीं मिला है। 71 वर्षीय इमरान साइफर मामले में रावलपिंडी स्थित अदियाला जेल में बंद हैं। डॉ.फैसल ने अदियाला जेल में पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ प्रमुख से मुलाकात की।दि एक्सप्रेस ट्रिब्यून समाचारपत्र के अनुसार, डॉ.फैसल ने कहा कि इमरान का स्वास्थ्य और खानपान संतोषप्रद है।

पूर्व प्रधानमंत्री ने इस बारे में कोई शिकायत नहीं की। डॉक्टर ने कहा कि इमरान ने अपने स्वास्थ्य को लेकर कुछ चिंता जताई थी और अब उसका गलत अर्थ निकाला जा रहा है। उनकी शारीरिक जांच में कोई लक्षण नहीं पाया गया। इस बीच इमरान के वकील हामिद खान ने मीडिया को बताया कि पार्टी और समर्थक इमरान के स्वास्थ्य को लेकर चिंतित हैं। उनपर पूर्व में जानलेवा हमला हुआ था। इमरान ने इस बात पर दुख जताया कि अन्य पार्टियों के दोषी ठहराए जा चुके नेताओं को सरकारी प्रोटोकाल मिल रहा है जबकि उन्हें प्रताड़ित किया जा रहा है।

# उ कोरिया ने कई दूतावासों को किया बंद, कहा- अब राजनयिक दक्षता में सुधार का समय



**सियोल**

**उत्तर** कोरिया ने अपनी राजनयिक क्षमता को बेहतर बनाने की बात कहते हुए कुछ दूतावासों को बंद करने का एलान किया है। इसपर प्रतिक्रिया देते हुए दक्षिण कोरिया ने कहा कि इससे संकेत मिलता है कि उत्तर कोरिया प्रतिबंधों के बोझ तले जूझ रहा है।

मीडिया रिपोर्टों और विश्लेषकों के अनुसार, उत्तर कोरिया स्पेन, हांगकांग और अफ्रीका के विभिन्न देशों सहित लगभग एक दर्जन दूतावासों को बंद करने जा रहा है।

**दुनिया भर में 25 फीसद दूतावास बंद हुए**

दुनिया भर में उत्तर कोरिया के लगभग 25 फीसद दूतावासों को बंद कर दिया गया है। उत्तर कोरियाई विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने मंत्रालय की वेबसाइट पर टिप्पणियों में पुष्टि की कि कुछ दूतावास को बंद किया गया है, जबकि कई नए खोले गए हैं।

**बदलते वैश्विक परिवेश के तहत उठया कदम**

प्रवक्ता ने इसे सामान्य गतिविधि बताते हुए कहा कि हम बदलते वैश्विक परिवेश और राष्ट्रीय विदेश नीति के अनुसार राजनयिक मिशनों को वापस लेने और स्थापित करने के लिए अभियान चला रहे हैं। बता दें कि उत्तर कोरिया अपने परमाणु और मिसाइल परीक्षण कार्यक्रम बढ़ाने के चलते व्यापक प्रतिबंधों का सामना कर रहा है। इसी के साथ उसका दूसरे देशों के साथ व्यापार भी लगातार कम हो रहा है। जानकारों का मानना है कि उत्तर कोरिया के दूतावासों को कई दफा अपने गलत कार्यों के लिए नकदी जुटाने और प्योंगयांग वापस भेजने के लिए कई बार अवैध गतिविधियों में लिप्त पाया गया है। दक्षिण कोरिया ने इसपर कहा कि इस सप्ताह उत्तर कोरिया द्वारा कुछ राजनयिक मिशनों को बंद करने से यह संकेत मिलता है कि वह अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों के कारण विदेशों में पैसा कमाने के लिए संघर्ष कर रहा है।

## ईरान में ड्रग रिहैबिलिटेशन सेंटर में लगी आग, हादसे में 27 की मौत और 12 घायल

**एएफपी, तेहरान**

उत्तरी ईरान में एक ड्रग रिहैबिलिटेशन सेंटर में तड़के सुबह आग लगने की खबर सामने आई। जिसके बाद इस भीषण आग में कम से कम 27 लोगों की मौत हो गई है। न्यायपालिका की मिजान ऑनलाइन समाचार वेबसाइट ने प्रांतीय मुख्य न्यायाधीश इस्माइल सादेघी के हवाले से बताया कि तेहरान के उत्तर में गिलान प्रांत के एक शहर लैंगरुड में एक ड्रग पुनर्वास केंद्र में आग लगने के बाद 27 लोगों की मौत हो गई और 12 अन्य को अस्पताल ले जाया गया। आग लगने का कारणों का खुलासा अब तक नहीं हो पाया है लेकिन सादेघी ने कहा कि मिजान के अनुसार, "जांच चल रही है", जिसमें कहा गया है कि घटना के केंद्र में 40 लोग हो सकते हैं। स्थानीय क्रठअ समाचार एजेंसी ने आग की फुटेज साझा की, जिससे रात में आसमान जगमगा उठा और हवा में धुएं का बड़ा गुबार फैल गया। सामने आई कई अन्य फोटोज में आग पर काबू पाने के बाद क्षतिग्रस्त स्थल को भी दिखाया गया है। अगस्त में, तेहरान के ग्रैंड बाजार में आग लग गई, जिससे कई दुकानें क्षतिग्रस्त हो गईं लेकिन कोई हताहत नहीं हुआ। जनवरी 2017 में, तेहरान में 15 मंजिला प्लास्को शॉपिंग सेंटर में आग लगने से 16 अग्निशामकों सहित कम से कम 22 लोगों की मौत हो गई थी।

## भारतीय छात्र पर जानलेवा हमला, अमेरिका ने जताया खेद; 'घटना से आहत हैं, शीघ्र स्वस्थ होने की करते हैं कामना'

**वाशिंगटन**

अमेरिकी राज्य इंडियाना में एक 24 वर्षीय भारतीय छात्र पर चाकू से हमला कर दिया। इस संबंध में संयुक्त राज्य अमेरिका ने हमले पर खेद व्यक्त किया है। छात्र की हालत गंभीर बताई जा रही है। भारतीय छात्र वरुण राज पुचा पर इंडियाना के एक जिम में चाकू से हमला कर दिया गया था। अमेरिकी विदेश विभाग ने भी वरुण के पूर्ण स्वस्थ होने की कामना की है और कहा है कि वह इस मामले की पूरी जानकारी के लिए स्थानीय कानून प्रवर्तन की सहायता लेंगे।

**शीघ्र स्वस्थ होने की करते हैं कामना**

अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता ने एजेंसी एएनआई को बताया कि हम भारतीय स्नातक छात्र वरुण राज पुचा के खिलाफ क्रूर हमले की रिपोर्ट से आहत हैं। हम कामना करते हैं की वे शीघ्र स्वस्थ हों। हम इस मामले के बारे में किसी भी प्रश्न के लिए स्थानीय कानून प्रवर्तन का सहारा लेते हैं।" बता दें, छात्र भारत के तेलंगाना का मूल निवासी था। मौजूदा वक्त में विद्यार्थी वेंटिलेटर मशीन पर है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। इस बाबत आगे की जांच जारी है।

## 'गाजा में लाखों लीटर पानी पहुंचा रहा इजरायल'

**गाजा**

इजरायल और हमास के बीच जारी युद्ध का आज 28वां दिन है। दोनों के बीच जारी संघर्ष में अब तक दस हजार से अधिक लोगों की मौत हो गई है। वहीं, हमास पर इजरायल के जवाबी कार्रवाई में गाजा कर रहने वाले लोगों को बड़े स्तर पर संकट का सामना करना पड़ रहा है। गाजा में इजरायली सेना के जमीनी कार्रवाई के बाद वहां के नागरिकों के लिए इजरायली सेना ने एक वीडियो संदेश जारी किया है।

**गाजा के नागरिकों के खिलाफ नहीं है आइडीएफ**

इजरायल डिफेंस फोर्सेज (आइडीएफ) ने कहा कि हमारा युद्ध गाजा में रह रहे नागरिकों के खिलाफ नहीं है। यह युद्ध आतंकी संगठन हमास और आईडीएफ के बीच का है और इजरायली सेना सात अक्टूबर को किए गए नरसंहार का जवाब दे रही है।

IDF के प्रवक्ता डेनियल हागारी ने कहा कि हम गाजा के नागरिकों के लिए पानी, भोजन, दवा और चिकित्सा उपकरणों के प्रवेश की सुविधा मुहैया कर रहे हैं। इजरायल डिफेंस फोर्सेज (आइडीएफ) सिर्फ इजरायल और गाजा दोनों नागरिकों की सुरक्षा के लिए हमास आतंकी संगठन के खिलाफ कार्रवाई कर रहा है।

**अखंड भारत संदेश**
**स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक**
**स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवं क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।**
**सम्पादक**
**स्वामी श्री योगी सत्यम्**
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.: 9565333000
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

# हिजबुल्लाह को हथियार मुहैया कराएगा वैगनार ग्रुप, अमेरिकी खुफिया विभाग ने किया दावा



**वाशिंगटन**

इजरायल- हमास युद्ध पर जहां अन्य देश युद्ध विराम की अपील कर रही है, वहीं एक बड़ी खबर सामने आ रही है। दरअसल, अमेरिकी खुफिया विभाग को पता चला है कि लेबनानी मिलिशिया समूह की इजरायल के साथ झड़प के बाद रूस का वैगनर समूह हिजबुल्लाह को एक वायु रक्षा मिसाइल प्रणाली देने की तैयारी कर रहा है।

**हिजबुल्लाह को हथियार मुहैया कराएगा वैगनार ग्रुप**

न्यूयॉर्क पोस्ट की एक रिपोर्ट में वॉल स्ट्रीट का हवाला देते हुए बताया गया है कि अमेरिकी अधिकारी वर्तमान में रअ-22 की संभावित डिलीवरी पर वैगनर ग्रुप और लेबनान के हमास-समर्थक मिलिशिया के बीच चर्चा की निगरानी कर रहे हैं। यह रूस में निर्मित ट्रक पर लगी जमीन से हवा में मार करने वाली मिसाइल और विमान भेदी तोपखाने हथियार प्रणाली है। इस हथियार का इस्तेमाल रूसी-यूक्रेन युद्ध में भी किया गया था और इसे इजरायल के हवाई हमलों के खिलाफ रक्षा उद्देश्यों के लिए ईरान समर्थित मिलिशिया समूह द्वारा मध्य पूर्व में तैनात किया जा सकता था।

**इजरायल-हिजबुल्लाह के बीच बढ़ी झड़प**

इसके अलावा, जैसे-जैसे इजरायल-हमास युद्ध बढ़ रहा है, लेबनानी सीमा पर इजरायल और हिजबुल्लाह के बीच झड़प भी बढ़ गई हैं।

न्यूयॉर्क पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिकी अधिकारियों के अनुसार, अभी तक रअ-22 लेबनान को नहीं दिया गया है, लेकिन इस बात पर प्रकाश डाला गया है कि हिजबुल्लाह और वैगनर के कुछ कर्मी वर्तमान में सीरिया में तैनात हैं।

**रूसी अधिकारियों ने नहीं दी कोई टिप्पणी**

हालांकि, यह अभी भी स्पष्ट नहीं है कि गाजा में इजरायल के हवाई हमलों के खिलाफ लड़ने में हमास की मदद के लिए हथियार को लेबनान से गाजा ले जाया जा सकता है या नहीं। इसके अलावा, रूसी अधिकारियों ने भी वैगनर और हिजबुल्लाह के बीच कथित चर्चा पर अभी तक कोई टिप्पणी नहीं की है।

**एकजुट होकर लड़ेंगे आतंकवादी समूह**

7 अक्टूबर को इजरायल ने हमास पर युद्ध की घोषणा की। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने बाहरी दलों को इजरायल की सीमाओं पर हमला करने की चेतावनी दी। न्यूयॉर्क पोस्ट ने बताया, चेतावनी के बावजूद, हमास, हिजबुल्लाह और फलस्तीनी इस्लामिक जिहाद के प्रमुखों ने पिछले हफ्ते मुलाकात कर इजरायल के खिलाफ एकजुट युद्ध की घोषणा की।

## युद्ध के 3 हफ्ते में 3,600 से अधिक फलिस्तीनी बच्चे मारे गए



**दीर अल-बलाह**

गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि इजरायल और हमास के बीच युद्ध के 25 दिनों में 3,600 से अधिक फलिस्तीनी बच्चे मारे गए। हमास द्वारा संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि गाजा में हवाई हमले में सबसे अधिक बच्चे मारे गए।

इजरायली सेना के हवाई हमले में सुरंगों में छिपे परिवार, पत्रकार, छात्र और नवजात शिशु मारे गए। इजरायल के असफल रॉकेटों ने गाजा में काफी तबाही मचाई है। जो बच्चे चर्च में सुरक्षित थे। इजरायली सेना ने उन्हें भी नहीं छोड़ा। मंत्रालय के मुताबिक, भीड़-भाड़ वाली गाजा पट्टी के 2.3 मिलियन निवासियों में से लगभग आधे लोग 18 वर्ष से कम उम्र के हैं। युद्ध में अब तक मारे गए लोगों में से 40 फीसदी बच्चे हैं।

**सबसे अधिक 12 साल से कम उम्र के बच्चे मारे गए**

पिछले हफ्ते जारी गाजा स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों से पता चला कि 26 अक्टूबर तक 12 साल और उससे कम उम्र के 2,001 बच्चे मारे गए थे, जिनमें 615 बच्चे 3 साल या उससे कम उम्र के थे। लेखक एडम अल-माधौन ने बुधवार को कहा, "जब घरों पर बमबारी किया जाता है तो उसका मलबा बच्चों के सिर पर गिरता है।" एडम अल-माधौन की 4 वर्षीय बेटी भी हमले में गंभीर रूप से घायल हो गई है। गाजा के दीर अल-बलाह क्षेत्र के अल अक्सा शहीद अस्पताल में उनकी बेटी भर्ती है। वह एक हवाई हमले में घायल हो गई थी। हमले में उसका दाहिना हाथ उड़ गया और बायां पैर क्षतिग्रस्त हो गया। इसके अलावा कुछ चोटें सिर पर भी आई है। वहीं, इजरायल ने दावा किया कि उसके हवाई हमलों में सिर्फ हमास के आतंकवादी ठिकानों और बुनियादी ढांचे को निशाना बनाया गया है। इजरायल ने कहा कि हमास समूह नागरिकों को मानव ढाल के रूप में इस्तेमाल करता है। उसने कहा कि 500 से अधिक आतंकवादी रॉकेट विफल होने से अज्ञात संख्या में फलिस्तीनी नागरिक मारे गए। वैश्विक चैरिटी सेव द चिल्ड्रेन के अनुसार, पिछले तीन वर्षों में दुनिया के सभी संघर्षों की तुलना में गाजा में सिर्फ तीन हफ्तों में अधिक बच्चे मारे गए हैं। इसमें कहा गया - पिछले साल भर में दो दर्जन युद्ध क्षेत्रों में 2,985 बच्चे मारे गए हैं। संयुक्त राष्ट्र में

# यह हमले के बाद आत्मरक्षा की लड़ाई है', इजरायल ने अमेरिका के युद्ध विराम सुझाव पर जताया विरोध



**यरुशलम**

हमास-इजरायल युद्ध को एक महीना पूरा होने वाला है, लेकिन युद्ध रुकने के आसार नजर नहीं आ रहे है। इसी बीच, हमास के साथ देश में चल रहे युद्ध पर इजरायली विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लियोर हयात ने कहा है कि क्रूर हमले के बाद यह आत्मरक्षा का युद्ध है। हयात ने कहा कि इस युद्ध में इजराइल का लक्ष्य गाजा पट्टी से हमास का नियंत्रण और हमास के आतंकवाद को खत्म करना है।

**इजरायल के अस्तित्व का सवाल**

हयात ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, "7 अक्टूबर को इजरायल ने हमास के खिलाफ युद्ध की घोषणा की। क्रूरतापूर्वक हमला करने के बाद यह आत्मरक्षा का युद्ध है। इस युद्ध में हमारा लक्ष्य गाजा पट्टी से हमास नियंत्रण और हमास आतंकवाद को खत्म करना है।" उन्होंने कहा कि हमास का खात्मा अब अस्तित्व का सवाल है। इजरायल विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा, "यह अस्तित्व की बात है, क्योंकि अगर हम ऐसा नहीं करते हैं, तो हमास एक के बाद एक अन्य नरसंहार जारी रखेगा। यह सिर्फ मैं नहीं कह रहा हूं कि हमास नेतृत्व कह रहा है कि वे एक के बाद एक 7 अक्टूबर जैसे नरसंहार की योजना बना रहे हैं।

**इस हमले को दोहराएगा हमास**

द टाइम्स ऑफ इजरायल की रिपोर्ट के मुताबिक, हमास के एक वरिष्ठ सदस्य ने 7 अक्टूबर को इजरायल में किए गए हमले की सराहना की और इस बात पर जोर दिया कि अगर मौका दिया गया, तो आतंकवादी समूह भविष्य में कई बार इस तरह के हमले तब तक दोहराएगा, जब तक इजरायल का अंत नहीं हो जाता।

**इजरायल का हमारी भूमि पर कोई अधिकार नहीं**

द टाइम्स ऑफ इजरायल के मुताबिक, हमास के राजनीतिक ब्यूरो के सदस्य गाजी हमद ने लेबनानी टेलीविजन चैनल एलबीसी के साथ एक इंटरव्यू में अपनी टिप्पणी दी। उन्होंने कहा, "इजरायल एक ऐसा देश है, जिसका हमारी भूमि पर कोई स्थान नहीं है। हमें इसे हटाना होगा, क्योंकि यह अरब और इस्लामी देशों के लिए एक सुरक्षा, सैन्य और राजनीतिक तबाही है। हमें यह कहने में कोई शर्म नहीं है।"